अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 14 अंक 345 लखनऊ, शुक्रवार, 04 जुलाई 2025 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### उप्र में तीन आईपीएस अधिकारियों का तबादला, मुथा अशोक जैन गोरखपुर जोन के बने एडीजी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में तबादलों का दौर जारी है। आईएएस से लेकर आईपीएस अधिकारियों को नई-नई जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। इसी क्रम में एक बार फिर गुरुवार को शासन ने तीन आईपीएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इसमें सन 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी पी.सी.मीणा को पुलिस महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं उप्र बनाया गया है। सन 1993 बैच के अधिकारी डॉ. के.एस. प्रताप कुमार को पुलिस महानिदेशक व सीएमडी, पुलिस आवास निगम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सन 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी मुथा अशोक जैन को गोरखपुर ज़ोन का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। गोरखपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का क्षेत्र है। ऐसे में आईपीएस मुथा अशोक जैन की नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### सरकारी स्कूलों के विलय मामले में अगली सुनवाई आज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सरकारी प्राथमिक स्कूलों के विलय करने के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में सुनवाई जारी है। इस मामले में विलय आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिकाओं पर अगली सुनवाई चार जुलाई को नियत की है। पहली याचिका, सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों ने दाखिल की है जबकि, इसी मामले में एक अन्य याचिका भी दाखिल हुई है। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है।

### यूपी में तेजी से बढ़ रहा गंगा, घाघरा, सरयू समेत प्रमुख नदियों का जलस्तर


लखनऊ। पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश और यूपी में सक्रिय मानसूनी बरसात से प्रदेश की नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। नदियों में उफान को देखते हुए मैदानी क्षेत्रों के जिलों में प्रशासन अलर्ट हो गया और बाढ़ या जलभराव की स्थिति से निपटने की तैयारियों में जुट गया है। बारिश का असर प्रदेश में बहने वाले प्रमुख नदियों के साथ साथ बरसाती नदी नालों में भी देखने को मिल रहा है। प्रशासन ने अचानक आने वाले पानी को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने और ऐसी जगहों पर न जाने की अपील की है।

# अयोध्या में एनएसजी हब का होगा निर्माण

## उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का भी होगा गठन

● जेपीएनआईसी का संचालन और रखरखाव करेगा एलडीए, प्रस्ताव को मंजूरी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की गुरुवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगाई गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में जनपद अयोध्या व आसपास क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) हब सेंटर निर्माण हेतु प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। अयोध्या एवं सीमावर्ती संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अयोध्या में एनएसजी हब की स्थापना होगी। इसके लिए 8 एकड़ भूमि (नजूल भूमि) 99 साल की लीज पर गृह विभाग भारत सरकार के पक्ष में आवंटित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। इसके अलावा जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) के संचालन की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण को सौंप दी गई।

बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंपने पर योगी कैबिनेट ने मुहर लगा दी है।समाजवादी पार्टी की अखिलेश सरकार ने लगभग 800 करोड़ रुपये खर्च कर जेपीएनआईसी का निर्माण कराया था।

इसके संचालन के लिए सपा सरकार द्वारा गठित की गयी जेपीएनआईसी सोसायटी को योगी कैबिनेट ने भंग कर दिया है। अब लखनऊ विकास प्राधिकरण ही इसका संचालन करेगा और उसकी देखभाल भी। वित्त मंत्री खन्ना ने बताया कि जनपद लखनऊ में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए 49.96 किमी लिंक एक्सप्रेस-वे निर्माण को मंजूरी मिली है। यह एक्सप्रेस-वे 4776 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। इसके अलावा बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (बीआईडीए) एरिया अंतर्गत न्यू इंडस्ट्रियल टाउनशिप योजना के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है।

बुंदेलखंड में बीआईडीए को विकसित किये जाने के लिए भूमि सम्बंध प्रस्ताव को भी कैबिनेट से मंजूरी मिली है। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश हेतु प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत कम्पनियों को सब्सिडी व लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने के प्रस्ताव पर मुहर लगी है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग का प्रस्ताव भी पास हुआ है। कैबिनेट बैठक में 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है। इसके तहत आगामी एक वर्ष में 25 से 30 हजार बेरोजगारों को देश के बाहर व देश में करीब एक लाख प्रदेश के बेरोजगारों को निजी क्षेत्र में सेवायोजित करने का लक्ष्य रखा गया है। कैबिनेट बैठक में कारखानों में कामगार महिला वर्करों के सम्बंध में नियमावली संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग अंतर्गत निगमों में उत्पादित वस्तुओं के क्रय अनिवार्यता के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। 11 प्रकार के उत्पादित वस्तुओं को निगमों द्वारा क्रय किया जाता है। उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड से पूर्व सैनिकों व होमगार्ड की सेवाएं जेम पोर्टल से इतर सीधे लिए जाने के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। इसमे पूर्व सैनिकों को भी जोड़ा गया है।

वित्त विभाग की ओर से कैबिनेट के समक्ष इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम बनाने हेतु प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गयी है। राजस्व में वृद्धि एवं परिवहन विभाग के कर ढांचे को परिवर्तन किए जाने के उपयोजनार्थ उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम 1997 की धारा 4 व धारा 4(9) में संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी मिली। वन टाइम टैक्स की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के कार्मिकों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी।

# तीनों सेनाओं के लिए 1.05 लाख करोड़ से खरीदे जाएंगे हथियार, डीएसी की मंजूरी

● सभी हथियार स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित होंगे

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को तीनों सेनाओं के लिए लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपये के 10 हथियार खरीदने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इनमें बख्तरबंद रिकवरी वाहन, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, तीनों सेनाओं के लिए एकीकृत कॉमन इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें होंगी। सभी हथियार स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित होंगे।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की हुई बैठक में बख्तरबंद रिकवरी वाहनों, ईडब्ल्यू सिस्टम, एकीकृत कॉमन इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, सुपर रैपिड गन माउंट और सबमर्सिबल ऑटोनॉमस वेसल्स की खरीद के लिए लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपये के 10 पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसी तरह मूर्ड माइन और माइन काउंटर मेजर वेसल्स की खरीद के लिए भी एओएन दिए गए। मूर्ड माइन एक प्रकार की नौसैनिक माइन होती है, जो पानी के नीचे एक निश्चित गहराई पर बनी रहती है, जिसे एक केबल के जरिये समुद्र तल पर लंगर डाला जाता है। इन माइन को जहाजों और पनडुब्बियों को निशाना बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो किसी जहाज के संपर्क या निकटता पर विस्फोट करती हैं। मूर्ड माइन जल मार्गों की रक्षा और नेविगेशन को नियंत्रित करने के लिए एक प्रचलित और लागत प्रभावी तरीका है। रक्षा अधिग्रहण परिषद से मंजूरी मिलने के बाद तीनों सेनाओं के लिए ये खरीद उच्च गतिशीलता, प्रभावी वायु रक्षा, बेहतर आपूर्ति शृंखला प्रबंधन प्रदान करेगी और सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों को बढ़ाएगी।

# विकासशील देशों को साथ लेकर चले बिना दुनिया में प्रगति नहीं हो सकती : मोदी

● भारत-घाना संबंधों को मिली नई ऊंचाई, प्रधानमंत्री मोदी को वहां के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया

एजेंसी

अक्कारा/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदलती परिस्थितियों में वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की जरूरत पर बल देते हुए हुए कहा है कि विकासशील देशों को साथ लेकर चले बिना दुनिया में प्रगति नहीं हो सकती।

श्री मोदी ने गुरूवार को यहां घाना की संसद को संबोधित करते हुए कहा, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी विश्व व्यवस्था तेजी से बदल रही है, प्रौद्योगिकी में क्रांति, ग्लोबल साउथ का उदय और बदलती जनसांख्यिकी इसकी गति और पैमाने में योगदान दे रही है। ङ्क

उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थितियों में वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है और विकासशील देशों को साथ लिए बिना प्रगति नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री ने कहा



कि भारत और घाना के बीच ऐतिहासिक संबंध स्वतंत्रता के साझा संघर्षों , लोकतंत्र और समावेशी विकास के लिए साझा प्रतिबद्धता पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि भारत और घाना के इतिहास में औपनिवेशिक शासन के निशान हैं लेकिन हमारी आत्मा हमेशा स्वतंत्र और निडर रही है। उन्होंने कहा , दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में,मैं अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों की सद्भावना और शुभकामनाएं लेकर आया हूं। सच्चा लोकतंत्र चर्चा और बहस को बढ़ावा देता है। यह लोगों को एकजुट करता है, सम्मान और मानवाधिकारों को बढ़ावा देता है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत के लिए लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं है बल्कि हमारे मौलिक मूल्यों का एक हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था , नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि मजबूत भारत एक अधिक स्थिर और समृद्ध दुनिया में योगदान देगा। उन्होंने घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा और घाना के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें दिये गये राष्ट्रीय सम्मान को स्थायी मित्रता का प्रतीक बताया। महान घानाई नेता - डॉ. क्वामे नक्रूमा के योगदान का हवाला देते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि एकता, शांति और न्याय के आदर्श मजबूत तथा स्थायी साझेदारी की नींव हैं। डॉ. नक्रूमा को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा, जो ताकतें हमें एकजुट करती हैं वे अंतर्निहित हैं और उन प्रभावों से बड़ी हैं जो हमें अलग रखती हैं। श्री मोदी ने जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, महामारी और साइबर खतरों जैसी वैश्विक चुनौतियों का भी जिक्र किया और वैश्विक शासन में विकासशील देशों के महत्व को रेखांकित किया।

# यूपी का आम बना खास, दुनिया के तमाम देशों को होगा निर्यात

पीयूष त्रिपाठी

● आम महोत्सव में सीएम योगी करेंगे शुभारंभ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 04 से 06 जुलाई 2025 तक अवध शिल्पग्राम, लखनऊ में उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का आयोजन भव्य स्वरूप में किया जा रहा है। यह महोत्सव प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने तथा आम के विविध स्वरूपों को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। मंत्री दिनेश सिंह ने बताया कि महोत्सव का उद्घाटन 04 जुलाई 2025 को प्रातः 10.00 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रदेश के आमों को लंदन, दुबई सहित अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात के लिए रवाना करेंगे, स्मारिका का विमोचन करेंगे एवं प्रदेश के प्रगतिशील आम उत्पादकों का सम्मान भी करेंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री जी का मार्गदर्शी उद्‌बोधन भी होगा।

महोत्सव में लगभग 800 किस्मों के आमों का प्रदर्शन दिनभर किया जाएगा, जो आगंतुकों को प्रदेश की बागवानी विविधता से रूबरू कराएगा। दोपहर 12.00 बजे आयोजित क्रेता-विक्रेता सम्मेलन तथा तकनीकी सत्रों में आम की सुरक्षित तुड़ाई, पोस्ट-हार्वेस्ट



मैनेजमेंट, विपणन व निर्यात जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। सायं 6.00 बजे सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसका शुभारंभ बी.एल. मीणा, अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध लोकगायक पवन सिंह की लोक प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण रहेंगी। 05 जुलाई 2025 को प्रातः 10.00 बजे, तकनीकी सत्रों का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा किया जाएगा। इस सत्र में आम उत्पादन तकनीक, पोषण प्रबंधन, कीट एवं व्याधि नियंत्रण, संरक्षित खेती जैसे विषयों पर वैज्ञानिकों एवं किसानों के मध्य संवाद होगा।

अपराह्न 2.00 बजे बच्चों के लिए आम खाने की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जो उत्सव में सहभागिता को और रोचक बनाएगी। सायं 6.00 बजे आयोजित सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा दीप प्रज्वलन से किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास की काव्य प्रस्तुति दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण होगी। 06 जुलाई 2025 को प्रातः 11.00 बजे तकनीकी सत्र में आम प्रसंस्करण तकनीकों, विभागीय योजनाओं एवं वैज्ञानिक-उत्पादक परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। अपराह्न 3.00 बजे महोत्सव का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश प्रताप सिंह स्वयं उपस्थित रहेंगे और उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत करेंगे।

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्रदेश के किसानों, उद्यमियों, आम बागवानों, छात्रों तथा आमजन से अपील की है कि वे अधिकाधिक संख्या में आम महोत्सव में सहभागिता कर फलों के राजा आम के गौरवशाली उत्सव को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रदेश की बागवानी क्षमता को वैश्विक पहचान दिलाने में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# लखनऊ में 130 एकड़ भूमि पर बनेगा प्रदेश का पहला बीज पार्क

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● किसानों के लिए नवाचार और प्रशिक्षण का केंद्र बनेगा बीज पार्क

लखनऊ। प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को विधान भवन के समिति कक्ष संख्या-08 में बीज प्रसंस्करण उद्यमियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर प्रस्तावित चौधरी चरण सिंह बीज पार्क की रूपरेखा प्रस्तुत की गई और नियमों, शर्तों एवं सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में 35 बीज कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए और उन्होंने अपनी प्रतिक्रियाएं भी साझा कीं।

श्री शाही ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश में पहला बीज पार्क स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पार्क प्रदेश को बीज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएगा। उद्यमियों के सुझावों को सम्मिलित करते हुए योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चौधरी चरण सिंह बीज पार्क लखनऊ जनपद के मालिहाबाद क्षेत्र स्थित अटारी, नौबस्ता एवं सुरती खेड़ा गांवों में कुल 130.63 एकड़ भूमि पर स्थापित किया जा रहा है। यह भूमि राज्य कृषि फार्म के अंतर्गत आती है।

# गौशालाओं से 20 लाख रोजगारों का हुआ सृजन, केन्द्रीय रोजगार मंत्री ने की सराहना


राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● राष्ट्रीय गौधन समिट 2025 में गौउत्पादों के 600 काउंटर लगेंगे, गोबर से बनी लकड़ी का प्रयोग शमशान स्थलों पर करके 5 करोड़ पेड़ बचाए

● गौमाता से शापित इस देश की केन्द्र सरकार गौरक्षा को जल्द से जल्द मजबूत कानून लाये

● भूपू सीजेआई ने कहा था देशी गाय का गोबर कोहिनूर से भी मूल्यवान है

दिल्ली। देश भर में फैली 22 हजार से ज्यादा गौशालाओं के जरिए 20 लाख से अधिक रोजगारों का सृजन हो रहा है। पंचगव्य निर्माण, औषधि निर्माण, खाद निर्माण सहित विभिन्न उत्पाद यह रोजगार प्रदान कर रहे हैं। दुग्ध उत्पादन से होने वाला रोजगार इससे अलग है। साथ ही ये गौशालाएं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ी भूमिका निभा रही हैं। गोबर से बनी लकड़ी का उपयोग श्मशान स्थलों पर होने से करोड़ों पेड़ों को कटने से बचाने में सफलता मिल रही है। पहले साढ़े नौ लाख टन गोबर सड़कों व नालियों के लिए समस्या बनता था, आज गोबर से लकड़ी बनाकर उसका सदुपयोग किया जा रहा है। यह जानकारी राष्ट्रीय गौधन महासंघ के मुख्य संयोजक विजय खुराना ने आज यहां पत्रकारों को दी। वह महासंघ के हौजखास स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मुगल काल में गाय नहीं कटी, 190 बरस पहले अंग्रेजी शासनकाल में यह महापाप शुरू हुआ। जब केवल 8 करोड़ गाएं बचीं, तब राष्ट्रीय गौधन महासंघ का जन्म 7 नम्बर 2005 को हुआ। आज गौमाताओं की संख्या 20 करोड़ है। उन्होंने बताया कि महासंघ के प्रयासों से भारत में गौशालाओं की संख्या 9 हजार से बढ़कर 22 हजार हो गई है। उन्होंने चिन्ता व्यक्त की कि अभी केन्द्र सरकार के पास गौरक्षा के लिए कोई कानून नहीं है। राज्यों ने अपने हिसाब से कानून बनाए हैं। कहा कि गौशाला प्रबंधकों तथा गौपालकों का अब तक का यह सबसे बड़ा



समागम होगा। समिट में भारत के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 5 लाख लोग भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय गौधन समिट 2025 में अनेक गणमान्य व्यक्तियों के भाग लेने की संभावना है, जिसकी स्वीकृतियां आना शुरू हो गई हैं। उनमें भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख लाल मांडविया तथा वरिष्ठ सांसद एवं पूर्व पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम खोडाभाई रूपाला शामिल हैं।

समिट में विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक देवी चन्द्र चोपड़ा सहित अनेक राष्ट्रवादी पुरुषों की भी भागीदारी होगी। राष्ट्रीय गौधन समिट 2025 की संयोजक पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने बताया कि कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर 5 नवम्बर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी आमंत्रित किया गया है। कहा कि 10 नवंबर को आहूत समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पधारने का आग्रह किया गया है। श्रीमती दुग्गल ने कहा कि कृष्ण की गाय और शिव के नन्दी को बचाए बिना इस देश का कल्याण सम्भव नहीं है।

यह बात सरकार और समाज सभी को बिना देर किए समझनी और समझानी होगी। उन्होंने इस नेशनल समिट के प्रेरणाकार प्रख्यात संत श्रीश्री रविशंकर को साधुवाद कहा। राष्ट्रीय गौधन समिट 2025 के मुख्य प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी राम महेश मिश्र के अनुसार देश भर में फैली गौशालाओं के द्वारा अपने-अपने काउंटर भी स्टेडियम में नियत स्थान पर लगाए जाएंगे, जिन पर गौशालाओं के द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि हमारी गौशालाएं देश की अर्थव्यवस्था में सुधार की दिशा में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। 20 लाख से ज्यादा रोजगारों का सृजन इस दिशा में एक बड़ा प्रयास है। उन्होंने बताया कि आज संपन्न संगोष्ठी में श्री खुराना द्वारा भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश की उस टिप्पणी की सराहना की जिसमें उन्होंने कहा था कि हिंदुस्तान की देशी गाय का गोबर कोहिनूर हीरे से भी ज्यादा मूल्यवान है। जीवन के 100वें बसन्त की ओर बढ़ रहे बुजुर्ग देवी चन्द्र चोपड़ा ने भारत की सम्पदा और संपन्नता की माप एवं पहचान गायों की संख्या से होने की ओर देश का ध्यान खींचा और चिन्ता व्यक्त की कि उस मेरे देश में गायों की संख्या तेजी से कम हो रही है। भारत के भविष्य के लिए उन्होंने इस स्थिति में जल्द से जल्द सुधार लाने का आह्वान समाज व सरकार दोनों से किया। प्रेस वार्ता में दिल्ली विधानसभा के पूर्व विधायक मदन लाल, श्री सनातन धर्म महासभा के प्रमुख प्रतिनिधि एवं सनातन धर्म मंदिर जनकपुरी के चेयरमैन भूषण लाल पाराशर, भारत विकास परिषद के महेश शर्मा, वैद्य ज्ञानेन्द्र प्रकाश, समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# उत्तर प्रदेश की समृद्धि का नया अध्याय लिखेगा इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● 26 जिलों में 27 क्लस्टर्स से उद्योग, निवेश और रोजगार को मिलेगा नया आयाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अब सिर्फ एक बड़ा उपभोक्ता राज्य नहीं, बल्कि भारत के सबसे बड़े औद्योगिक और लॉजिस्टिक हब के रूप में खुद को स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ चुका है।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा राज्य के 26 जिलों में 27 आईएमएलसी विकसित किए जा रहे हैं जो राज्य की औद्योगिक प्रगति में मील का पत्थर साबित होंगे। यूपीडा के इस बड़े प्रयास से न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, बल्कि भारत के औद्योगिक भविष्य में उत्तर प्रदेश एक निर्णायक भूमिका निभाएगा। योगी सरकार की स्पष्ट औद्योगिक नीति और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर फोकस के चलते इन क्लस्टर्स में निवेश के लिए देश-विदेश के उद्योगपतियों और डेवलपर्स को आमंत्रित किया जा रहा है। यूपीडा ने इन आईएमएलसी में रक्षा उद्योग, भारी विनिर्माण इकाइयों और लॉजिस्टिक्स कंपनियों के लिए विशेष रूप से अनुकूल प्लॉट्स उपलब्ध कराए हैं। साथ ही, पीपीपी मोड पर इंडस्ट्रियल पार्क्स के विकास हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) और भू-आवंटन के लिए भी आवेदन मांगे गए हैं। इन लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स की सबसे बड़ी खासियत है इनकी रणनीतिक अवस्थिति। सभी आईएमएलसी नोड्स प्रमुख एक्सप्रेसवेज के किनारे स्थित हैं और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) से 1 किमी. के दायरे में आते हैं। इससे न केवल प्रदेश के अंदर बल्कि देश के अन्य औद्योगिक क्षेत्रों से त्वरित और सुगम संपर्क सुनिश्चित होगा। प्रमुख कनेक्टिविटी लाभ में एक्सप्रेसवे से प्रत्यक्ष जुड़ाव, रेलवे और हवाई संपर्क की सुविधा, ईस्टर्न और वेस्टर्न डीएफसी तक आसान पहुंच और मल्टी सिटी कनेक्टिविटी के लिए उपयुक्त नेटवर्क शामिल है। प्रत्येक आईएमएलसी नोड में आधुनिक और समर्पित बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इनमें चौड़ी आंतरिक सड़कों का निर्माण, 24ब7 विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, आंतरिक स्ट्रीट लाइटिंग, डेडिकेटेड जल आपूर्ति एवं जल निकासी प्रणाली, पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त हरित क्षेत्र, पारदर्शी ऑनलाइन भू-आवंटन प्रणाली और निवेशकों के लिए केंद्रीकृत सेवाएं सम्मिलित हैं। आईएमएलसी के विकास से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में संतुलित औद्योगिक विस्तार होगा। इससे उन जिलों को भी मुख्यधारा से जोड़ा जा सकेगा जो अब तक औद्योगिक विकास में पिछड़े हुए थे। साथ ही, इन क्लस्टर्स के माध्यम से लाखों लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। इस पहल के माध्यम से सरकार का लक्ष्य है कि क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिले और शहरी केंद्रों के पास उद्योगों को कुशल श्रम बल सुलभ हो। इसके साथ ही, लॉजिस्टिक और सप्लाई चेन नेटवर्क अधिक सक्षम बनाना भी मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्पष्ट सोच, मजबूत इच्छाशक्ति और ङ्गनए उत्तर प्रदेशङ्क की परिकल्पना के चलते आज प्रदेश का औद्योगिक मानचित्र तेजी से विस्तार पा रहा है। आईएमएलसी परियोजना, डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, मेगा फूड पार्क्स, मेडिकल डिवाइसेज पार्क और टेक्सटाइल हब जैसी योजनाओं से प्रदेश का आर्थिक आधार अभूतपूर्व रूप से मजबूत हो रहा है।

# जाति विशेष का नाम लेकर रामकथा की बात नहीं होनी चाहिए: दयाशंकर सिंह



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति में हर समाज से लाखों संत महात्मा निकले हैं। सबसे बड़े हमारे संत वाल्मीकी जी हैं। जिनकी लिखी रामायण से रामकथा सभी संत पढ़ते हैं। जाति विशेष का नाम लेकर रामकथा की बात नहीं होनी चाहिए। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि प्रदेश में अमन चैन की व्यवस्था ना रहें। ये उसी आराजकता में ले जाना चाहते है, जो समाजवादी पार्टी की सरकार में आराजकता थी। ये लोग अपने बयानों से प्रदेश को अराजकता में ढ़केलना चाहते हैं। किसी भी समुदाय का कोई भी व्यक्ति धार्मिक कथाएं सुना सकता है। ऐसा मेरा मानना है। उन्होंने सावन माह में नेमप्टेल वाले प्रश्न के उत्तर में कहा कि नाम बताने में क्या दिक्कत होती है। हम लोग मंत्री हैं तो हमें भी अपना कार्ड दिखाना पड़ता है। हमसे कार्ड मांगा जाता है, हम भी अपना कार्ड दिखाते हैं। पहचान छुपाना गलत है और कोई गलत करेगा तो उसकी जिम्मेदारी सरकार की ही होगी। इसक कारण किसी को अपनी पहचान बताने में कोई कठनाई नहीं होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मधुशाला नहीं चाहिए, पाठशाला चाहिए: संजय सिंह

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 27 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों को बंद करने की साजिश चल रही है। इससे पहले भी हजारों स्कूल या तो बंद किए गए या मर्ज कर दिए गए। संजय सिंह ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा बच्चों को मधुशाला नहीं, पाठशाला चाहिए। योगी सरकार ने शिक्षा को व्यापार बना दिया है। शिक्षकों का भविष्य खतरे में है और मासूम बच्चों को अंधकार में धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत 1 किलो मीटर के भीतर बच्चों के लिए स्कूल होना अनिवार्य है, लेकिन यूपी सरकार खुलेआम इस नियम की धज्जियां उड़ा रही हैं। संजय सिंह ने कहा कई स्कूल ऐसे हैं जो रेलवे क्रॉसिंग के पार हैं, अगर किसी दिन कोई हादसा होता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा?उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के अंदर स्कूल जाने का जो उत्साह होता है, उसे यूपी सरकार खत्म कर रही है। संजय सिंह ने बताया कि सोमवार को यूपी के 72 जिलों में आम आदमी पार्टी ने स्कूल बचाओ अभियान के तहत प्रदर्शन किया। अब वे 9 जुलाई से खुद जिलों का दौरा शुरू करेंगे और हर जिले में स्कूल बचाने की मुहिम को जनांदोलन बनाएंगे।हमारी पार्टी का एजेंडा स्कूल और अस्पताल है। हमने दिल्ली में करके दिखाया, पंजाब में कर रहे हैं और अब यूपी में भी करेंगे।संजय सिंह ने एक और गंभीर सवाल उठाया– ङ्गकांवड़ यात्रा के रास्तों पर गैरवर्दीधारी पुलिस वाले तैनात हैं, जो अपने आप को 'योगी आदित्यनाथ' समझते हैं। इनकी नियुक्ति किसने की, ये किसके अधीन काम कर रहे हैं?ङ्कउन्होंने पूछा क्या इनके पास कोई अधिकृत आदेश है?ङ्ग80: हिंदू को हिंदू नहीं मानती योगी सरकारङ्कसंजय सिंह ने योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा किष्सरकार 80 प्रतिशत हिंदुओं को ही हिंदू नहीं मानती। सिर्फ धार्मिक चश्मे से समाज को देखा जा रहा है। राजधानी लखनऊ में एक व्यापारी द्वारा परिवार सहित आत्महत्या की घटना का जिक्र करते हुए संजय सिंह ने पूछा क्यों सरकार मूलभूत समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही? क्या स्कूल और व्यापारियों की सुरक्षा किसी एजेंडे में नहीं है?

### सिविल अस्पताल में निदेशक ने किया निरीक्षण, पार्किंग के लिए नया प्लान तैयार करने के दिए निर्देश

**लखनऊ।** लखनऊ के डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में नवनियुक्त निदेशक डॉ.कजली गुप्ता ने गुरुवार को अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी सहित प्लास्टिक सर्जरी के बर्न वॉर्ड और नई बिल्डिंग का जायजा लिया। अस्पताल परिसर में खड़ी एम्बुलेंस को भी चेक किया। उन्होंने डॉक्टरों को मरीज के इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इमरजेंसी में तैनात सभी डॉक्टरों को बेहद सतर्क रहने के साथ ही गंभीर मरीजों का बिना देर किए इलाज शुरू करने की बात कही। निदेशक ने अस्पताल स्टॉफ से मीटिंग के दौरान गैर जरूरी कामों के लिए अवकाश लेने की परंपरा तक तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही सपोर्ट स्टॉफ से मरीजों के प्रति अच्छा व्यवहार करने की सीख दी। सिविल अस्पताल परिसर में पार्किंग को लेकर डॉक्टरों और मरीजों दोनों को ही रोजाना दुश्वारियां झेलनी पड़ती है। लंबे समय से इसको लेकर कई तरीके की योजनाएं बनी पर परिसर में जगह की कमी की वजह से वो अमल में नहीं लाई जा सकी। निदेशक ने इसको लेकर नए सिरे से प्लान बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बर्न वार्ड में भर्ती 47 साल के सुनील कुमार से भी मिली।

### सपा नेताओं के कांवड़ यात्रा संबंधित विवादित बयानों पर बरसी भाजपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेताओं द्वारा कांवड़ यात्रा पर दिये गये बयान की भारतीय जनता पार्टी ने आलोचना की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि समाजवादी पार्टी सोची समझी साजिश के तहत जानबूझकर बारी–बारी से बयान देकर साम्प्रदायिक सदभाव को खतरे में डालने की चेष्टा कर रही है। इसके लिए पवित्र सावन मास में कांवड़ यात्रा में कैसे विध्न डाला जा सके, इसके लिए पहले सपा नेता कांवड़ियों को हिंसक कहते हैं। एस टी हसन उनकी तुलना आतंकियो से करते हैं और अब रविदास मेहरोत्रा, यह सपा के सिलसिलेवार बयान सपा अध्यक्ष अखिलेश के निर्देश पर दिये जा रहे हैं।

# इमामबाड़ा क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक कर प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर लखनऊ में इमामबाड़ा क्षेत्र में कॉलेज के कलाकार छात्र छात्राओं ने गुरूवार को नुक्कड़ नाटक कर लोगों में प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र छात्राओं ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में चेताया। इस दौरान लोगों की भीड़ मंचन को देखने के लिए लगी रही। इमामबाड़ा क्षेत्र के घंटाघर के सामने नुक्कड़ नाटक करते हुए छात्र छात्राओं ने कहा कि स्वच्छता अभियान किसके लिए है, यह तो हमारे लिए ही है। प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली को कौन अपनायेगा, इसे तो हम ही अपनाएगें। प्लास्टिक को छोड़कर कपड़े के थैलों को अपनाना है, जीवन में प्लास्टिक का उपयोग बंद करना है। एक थैला आपकी जिंदगी बदल सकता है। लखनऊ को स्वच्छ बना सकता है तो हम सभी को स्वस्थ बनाने में मदद करता है।

# लखनऊ में दुकानदारों एवं छात्राओं के लिए एंटी–पॉलीथीन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। नगर निगम लखनऊ एवं लाइयन एनवायरो लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में प्लास्टिक उन्मूलन महाभियान चल रहा है। गुरूवार को नगर निगम के जोन पांच स्थित कृष्णा नगर में एंटी-पॉलीथीन जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें लाइयन एनवायरो एवं नगर निगम के सदस्यों ने दुकानदारों को पॉलीथीन प्रतिबंध की जानकारी दी और ऐसा नहीं करने पर एक हजार से पच्चीस हजार तक जुर्माने की चेतावनी दी। नगर निगम के कर्मचारियों ने स्वास्थ्य व पर्यावरण पर पॉलीथीन के दुष्प्रभावों को समझाया। वहीं बेहद आवश्यक रूप से कपड़े व कागज़ के थैलों का उपयोग करने का आग्रह किया। स्थानीय व्यापारियों एवं नागरिकों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इसी तरह नगर निगम के जोन दो में हनुमान प्रसाद रस्तोगी गर्ल्स इंटर कॉलेज में एंटी-पॉलीथीन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। लायन एन्वायरो लखनऊ के सदस्यों ने हनुमान प्रसाद रस्तोगी गर्ल्स इंटर कॉलेज में पॉलीथीन उन्मूलन हेतु जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को प्लास्टिक एवं पॉलीथीन से होने वाले पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। सदस्यों ने छात्राओं से कहा कि पॉलीथीन भूमि पर अपशिष्ट भार बढ़ाने के साथ-साथ नदियों और समुद्रों को भी प्रदूषित करती है। इसका त्याग करना ही बेहद जरूरी है। सदस्यों ने छात्राओं को कपड़े के थैलों जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने और पॉलीथीन का पूर्णतः बहिष्कार करने के लिए प्रेरित किया। पॉलीथीन पर पूर्ण प्रतिबंध की जानकारी देते हुए उसे घरों में नहीं आने देने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों एवं लायन एन्वायरो आईईसी टीम की सक्रिय सहभागिता रही। इस पहल ने छात्राओं के बीच प्लास्टिक उपयोग में कमी और सतत जीवनशैली को अपनाने का प्रभावशाली संदेश प्रसारित किया।

## वेतन पुनरीक्षण समेत कई मांगों को लेकर बीमा कर्मचारियों का प्रदर्शन

लखनऊ। राजधानी के अलीगंज स्थित यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस के क्षेत्रीय कार्यालय में संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी की। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में अगस्त 2022 से लंबित वेतन पुनरीक्षण को एलआईसी के समान करना शामिल है। साथ ही उन्होंने 100 प्रतिशत एफडीआई का विरोध किया। फैमिली पेंशन को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने की मांग रखी। एनपीएस में योगदान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने की मांग भी की गई। चारों सरकारी बीमा कंपनियों के विलय और सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्ती की मांग भी उठाई गई। धरने में जी.एस सिंह, अनिल वर्मा, अब्दुल नईम समेत कई कर्मचारी नेता मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय कार्यालय के उपमहाप्रबंधक श्याम सुंदर सिंधु को मांगपत्र सौंपा। संयुक्त मोर्चा के संयोजक जी.एस सिंह ने 9 जुलाई 2025 को जीआईइएआईए व एआईआईईए के आह्वान पर देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की।

# लव जिहाद–धर्मांतरण से 15 लोगों की घर वापसी

● झांगुर बाबा ने ताबीज देकर मुसलमान बनवाया, मेराज ने झांसा देकर निकाह किया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में लव जिहाद और पैसों के लालच में फंसकर हिंदू से मुस्लिम बने 15 लोगों का शुद्धीकरण कराया गया। विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने सभी को भगवा गमछा पहनाया और उनके माथे पर तिलक लगाया। इसके बाद सभी ने शनि देव मंदिर में मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की। इस दौरान 'जय श्रीराम' के नारे लगाए गए। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। बलरामपुर के झांगुर बाबा ने इनमें से कई लोगों को पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाया था। इसके अलावा मेराज अंसारी नामक युवक ने रुद्र शर्मा बनकर एक हिंदू लड़की से निकाह कर लिया था। जब लड़की को इसकी जानकारी हुई तो वह अपने माता-पिता के पास लौट आई। इसके बाद मेराज ने उसके पिता को वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल किया। धमकी दी कि अब उसकी छोटी बेटी से भी निकाह कराओ। बहरहाल, इस युवती सहित कई जिलों के 15 लोगों ने गुरुवार को लखनऊ में अपने धर्म में वापसी कर ली। मानवी शर्मा ने कहा रुद्र शर्मा नाम का युवक हमें मिला था। उसने मां से कहा था झांगुर बाबा से मिलो। वह आपके पति की शराब वह छुड़वा देंगे। बाबा से हम मिले, उन्होंने ताबीज दी। रुद्र अगली बार 2024 में मिला। उसने बताया कि बाबा झांगुर कानपुर आए हैं, चलकर मिल लो। हम लोग गए तो वहां रुद्र शर्मा से ही जबरदस्ती मेरा निकाह करा दिया गया। तब पता चला कि वह रुद्र शर्मा नहीं, मेराज अंसारी था।मेराज के सभी भाइयों ने हिंदू लड़कियों से ही शादी की है। मुझे उनके मुसलमान होने की जानकारी हुई तो मैं अपने मां-बाप के पास वापस आ गई। इसके बाद मेराज मेरे मम्मी-पापा के पास आया। उसने अपने साथ के मेरे वीडियो दिखाए। ब्लैकमेल कर कहा कि अपनी छोटी बेटी से भी मेरी शादी कराओ। इसके बाद मैं दोनों को साथ रखूंगा। इस पर मेरे पापा ने उसे मार दिया तो वह बेसमेंट में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। उसके मर्डर के आरोप में मेरे मम्मी-पापा जेल में हैं। आज मैं अपने धर्म में वापस आ गई हूं। बलरामपुर के हरजीत ने कहा झांगुर ने मेरे ऊपर धर्म बदलने का दबाव बनाया। नागपुर में सुपरवाइजर की नौकरी दिलवाने का झांसा दिया। मैं नहीं मान रहा था, लेकिन मेरे ऊपर 2-2 झूठे मुकदमे चलवा दिए। इसके बाद बाबा ने रात में तीन लोग भेजे। मैं उनके पास गया तो कहा तुमको ढाई लाख रुपए दिए जाएंगे। मुकदमे भी वापस हो जाएंगे, तुम धर्म बदल लो। मजबूरी में मैंने धर्म बदल लिया।विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गोपाल राय कहा बलरामपुर में गजवा-ए-हिंद का मजबूत चेहरा झांगुर पीर मोहम्मद अहमद खान और अब्दुल माबूद रजा लोगों पर दबाव बनाकर धर्मांतरण करवाते हैं। इन लोगों को विदेश से फंडिंग मिलती है। इस पर जांच होनी चाहिए। एसटीएफ समेत कई थानों में इनके ऊपर मुकदमे हैं। इसके बावजूद अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। यूपी में चंदन गुप्ता और कमलेश तिवारी की जो हत्या हुई थी, उसमें भी इनके तार जुड़े हुए हैं। अब तक लगभग 500 करोड़ रुपए हवाले के माध्यम से इसने प्राप्त किया है। मोहम्मद अहमद खान कहता है बलरामपुर में झांगुर बाबा और यूपी में योगी बाबा। इसने अपनी दौलत और प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए लगभग 6000 लोगों का धर्म परिवर्तन कराया है। घर वापसी से पहले शोभायात्रा निकाली गई।

## 5000 स्कूलों को बंद करने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में 5000 प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों को बंद किए जाने के फैसले के विरोध में कांग्रेस ने जमकर हंगामा किया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। राय ने कहा सरकार ने एक ओर 5000 स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है।

वहीं प्रदेश में इतनी संख्या में मधुशाला खोल दी हैं। इससे पहले बेगम हजरत महल पार्क से कांग्रेस का मार्च शुरू हुआ। शहादत अली मकबरे के पास अजय राय मार्च में शामिल हुए। यहां से बड़ी संख्या में कांग्रेसी कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट के बाहर जम कर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह विरोध सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि आगामी विधानसभा सत्र तक इस आंदोलन को धार दी जाएगी। पार्टी ने ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक संगठन को सक्रिय कर दिया है और सभी स्तरों पर सरकार के फैसले का विरोध सुनिश्चित किया जा रहा है।

# लखनऊ में 130 एकड़ भूमि पर बनेगा प्रदेश का पहला बीज पार्क

● किसानों के लिए नवाचार और प्रशिक्षण का केंद्र बनेगा बीज पार्क

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को विधान भवन के समिति कक्ष संख्या-08 में बीज प्रसंस्करण उद्यमियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर प्रस्तावित चौधरी चरण सिंह बीज पार्क की रूपरेखा प्रस्तुत की गई और नियमों, शर्तों एवं सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में 35 बीज कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए और उन्होंने अपनी प्रतिक्रियाएं भी साझा कीं। श्री शाही ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश में पहला बीज पार्क स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पार्क प्रदेश को बीज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएगा। उद्यमियों के सुझावों को सम्मिलित करते हुए योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चौधरी चरण सिंह बीज पार्क लखनऊ जनपद के मालिहाबाद क्षेत्र स्थित अटारी, नौबस्ता एवं सुरती खेड़ा गांवों में कुल 130.63 एकड़ भूमि पर स्थापित किया जा रहा है। यह भूमि राज्य कृषि फार्म के अंतर्गत आती है। इस पार्क में कुल 26 औद्योगिक भूखंड विकसित किए जाएंगे, जो विभिन्न आकारों में होंगे और उन्हें 30 वर्ष की लीज पर, 90 वर्ष तक बढ़ाई जा सकने की सुविधा के साथ, बीज उत्पादन से जुड़ी संस्थाओं को आवंटित किया जाएगा। बीज पार्क में आंतरिक सड़कों, विद्युत, जल, सीवरेज, प्रशासनिक भवन, प्रशिक्षण हॉल, बीज प्रयोगशाला, परीक्षण एवं भंडारण की साझा सुविधाएं, गेस्ट हाउस और हरित क्षेत्र जैसी अधोसंरचनाएं विकसित की जाएंगी। राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयास कर रही है। यह बीज पार्क उन्हीं प्रयासों की एक बड़ी कड़ी है, जिससे प्रदेश में बीज उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण और निर्यात को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री के कृषि सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि यह बीज पार्क उत्तर भारत के किसानों के लिए नवाचार, गुणवत्ता और प्रशिक्षण का केंद्र बनेगा। इससे प्रदेश के कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे और युवाओं के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बैठक में प्रमुख सचिव कृषि रवींद्र, सचिव कृषि इंद्र विक्रम सिंह, सचिव कृषि ओपी वर्मा, निदेशक कृषि डॉ पंकज कुमार त्रिपाठी सहित विभागीय अधिकारीगण, बीज उद्योग से जुड़े निवेशक व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# स्कूलों के मर्जर का विरोध,स्वामी प्रसाद मौर्या ने कूच किया विधानसभा भवन, पुलिस ने जाने से रोका

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। सरकारी स्कूलों के मर्जर का विरोध पूरे प्रदेश में चल रहा है। इसी क्रम में लखनऊ में स्वामी प्रसाद मौर्य ने समर्थकों के साथ विधानसभा भवन की ओर कूच किया। उन्हें पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक लिया तो वे सड़क पर बैठ गए। मौर्या की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज स्थित दारुलशफा से विरोध प्रदर्शन शुरू किया। विधानसभा की ओर बढ़ रहे कार्यकर्ताओं और स्वामी प्रसाद मौर्य को बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस ने रोक दिया। इसके बाद कार्यकर्ता और पदाधिकारियों नारेबाजी और हंगामा शुरू कर दिया। स्वामी प्रसाद ने कहा कि यह बेहद अफसोसजनक है कि सरकार पाठशाल बंद करके मधुशाला खोल रही है। हमारी मांग है कि एक राष्ट्र एक शिक्षा लागू किया जाए। दिन-प्रतिदिन आबादी बढ़ रही है जिसको देखते हुए स्कूलों की संख्या बढ़ानी चाहिए मगर यहां उल्टा हो रहा है। भाजपा सरकार यह नहीं चाहती है कि गरीबों और कमजोरों के बच्चे शिक्षा हासिल करें। स्कूल मर्जर के नाम पर पिछड़ों के बच्चों को शिक्षा से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी। शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए भर्ती ना करनी पड़े पिछली जाति के लोगों को नौकरी ना देना पड़े इसलिए यह कदम उठाए जा रहा है। रायबरेली जिले से प्रदर्शन में शामिल होने आए दीपक ने कहा कि रायबरेली जिले में 18 ब्लॉक हैं। हर ब्लॉक में 20 से अधिक स्कूल हैं। लगभग 1200 स्कूल बंद किए जा रहे हैं। हमारे ब्लॉक में 38 स्कूल हैं जिन्हें मर्जर के नाम पर बंद किया जा रहा है। हर ग्राम पंचायत में एक विद्यालय है। अगर ये स्कूल बंद हो जाएंगे तो दूसरे बच्चों को दो से चार किलोमीटर पैदल जाना पड़ेगा। विद्यालय में भोजन से ज्यादा बेहतर शिक्षा की आवश्यकता है। हमारा छोटा भाई शिक्षा हासिल कर रहा था। हमारे गांव में अब स्कूल बंद हो रहा है। घर से स्कूल 2 किलोमीटर दूर हो गया है। अब वह कैसे जाएगा। हमारे पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। 3 वर्ष के बच्चे को अकेले कैसे पैदल भेजें और हम लोग अपने काम में व्यस्त रहते हैं। यह समस्या हमारी तरह हजारों मां-बाप के सामने आ गई है। धार्मिक स्थलों पर सरकार आंखें बंद करके पैसा खर्च करती है। टीचर को पेमेंट सरकार नहीं दे पा रही। हमारे ग्रामीण इलाके में 5 ठेके अतिरिक्त खोले गए हैं और 4 स्कूल बंद कर दिए। हमें अनपढ़ और गंवार बनाने की साजिश रची जा रही है।

# जन सुनवाई में बड़ी संख्या में लोगों को मिला कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में लोगों की शिकायतों को सुना। आज जन सुनवाई के दौरान कुल 82 शिकायतें आयीं जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। मौके पर ही पात्रों को वृद्धावस्था पेंशनए विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन का लाभ दिलाया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। आज कुल 02 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई में कुल 136 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। इसके साथ ही अब तक 7 नये अंत्योदय कार्ड व 20 पात्र गृहस्थी कार्ड बनाये जा चुके हैं। 10 महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन दिलायी गयी है। निराश्रित महिला पेंशन से सम्बंधित 29 लोगों की समस्याओं को दूर कराया गया है। 13 बच्चों को बाल सेवा योजना व 32 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित कराया गया है। 31 नये लोगों को वृद्धावस्था पेंशन से आच्छादित किया गया है। 11 नये लोगों को दिव्यांग पेंशन का लाभ दिलाया गया है। 1 दिव्यांग व्यक्ति को दुकान निर्माण योजना व 6 दिव्यांगों को दुकान संचालन योजना से लाभान्वित किया गया है। उप जिलाधिकारियों को



उन्होंने निर्देशित किया कि पैमाइशए बटवारा व वरासत आदि के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। परिषदीय विद्यालयों में पंजीकृत बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी जन्म प्रमाण पत्र से सम्बंधित आर्डर जारी करने में देरी न करें। सोनी नाम की एक महिला जिनके पति का देहांत हो चुका हैए के बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाया गया। एक दृष्टिबाधित महिला को अंत्योदय कार्ड बनवाया गया। इसके साथ ही उनका आयुष्मान कार्ड भी बनवाया गया तथा दिव्यांग पेंशन का लाभ भी दिलाया गया। एक दिव्यांग महिला गीता देवी ने जन सुनवाई के दौरान बताया कि उनके पति भी दिव्यांग हैं। उनके बच्चे का आधार कार्ड नहीं बना है। जिलाधिकारी ने बीडीओ भरखनी को निर्देश दिए कि बच्चे को घर से लाकर उसका उसका आधार कार्ड बनवाया जाये। तत्पश्चात बच्चे को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाया जाये। परिवार की प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता योजना की भी जाँच करा ली जाये।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नहने राम व उप जिलाधिकारी भूमिका राजबहादुर व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूपी में 5 हजार प्राइमरी स्कूलों के विलय का विरोध

## कांग्रेस ने किया बेसिक शिक्षा कार्यालय का घेराव

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 3 जुलाई 2025 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने 5000 से अधिक प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों के विलय का विरोध किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विक्रम पांडेय और शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने रैली का नेतृत्व किया।

रैली गांधी भवन से निकाली गई। प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी विभाग शिवा पाल भी प्रदर्शन में शामिल हुए। विक्रम पांडेय ने कहा कि स्कूलों के विलय से गांव के बच्चों को दूर के स्कूलों में जाना पड़ेगा। अनुपम दीक्षित ने कहा कि सरकार युवाओं को शिक्षक बनने का अवसर नहीं दे रही। शिवा पाल ने सरकार पर शिक्षकों को गैर.शैक्षणिक कार्यों में लगाने का आरोप लगाया। इस मौके पर प्रदर्शन में लोकसभा प्रभारी डॉ० राजीव सिंह और महिला अध्यक्ष सुनीता देवी मौजूद थीं। जिला उपाध्यक्ष भुट्टो मियां, मोहन सिंह और देवेंद्र विक्रम सिंह भी शामिल हुए। महासचिव लक्ष्मी प्रकाश मिश्रा, विनोद गुप्ता और आशुतोष गुप्ता के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

## कपड़ा व्यापारी ने विशाल शिव भण्डारे का किया आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**कछौना ( हरदोई )।** कस्बा कछौना के कपड़ा व्यापारी मनोज गुप्ता धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों में बाढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। कस्बा स्थित बाबा मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर 15वां विशाल शिव भण्डारा का आयोजन वृहस्पतिवार को किया। आयोजक मनोज गुप्ता विधि विधान पूर्वक पूजा पाठ कर कन्या भोज के बाद भण्डारा का शुभारंभ किया गया। जिसमें बच्चे पुरूष महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मनोज गुप्ता ने बताया इस तरह के आयोजन से आत्मिक खुशी मिलती है। वसुदेव कुटुंबकम की भावना आपस में बढ़ती है। भगवान शिव की उपासना पूजा, व्रत से आध्यात्मिक शांति, उन्नति, आंतरिक खुशी मिलती हैं। सावन आगमन पूर्व से शिव विशाल भण्डारा के आयोजन से शिव भक्तों में खुशी की लहर दौड़ गई, क्योंकि सावन में प्रकृति झूम उठती है। प्रकृति में शिव रहते हैं। शिव की आराधना से मन का दु:ख और शरीर का कष्ट कम होने लगता है। जिससे लोगों के जीवन में अमूल चूल परिवर्तन होता है। इस विशाल भंडारा में पूड़ी सब्जी बूंदी का प्रसाद प्यार से बैठाकर श्रद्धालुओं को खिलायाए सभी ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष गौरव गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता सूर्या गुप्ता, सीपेश गुप्ता, महामंत्री गोपाल जी गुप्ता, विनय गुप्ता, श्री बाबू गुप्ता, शिवम गुप्ता, रमेश सोनी, श्रवण गुप्ता, प्रदीप शुक्ला, कुंवर जी गुप्ता, रिषि गुप्ता सहित कस्बा सहित दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्र के पुरूष महिलाएं बच्चों ने प्रतिभाग किया।

## विद्यालय विलय से नाराज अभिभावकों का हंगामा, मौके पर पहुंची बीईओ

राष्ट्रीय प्रस्तावना



बंद ताले मे बंद गुरूजी, हंगामा काटते अभिवावक फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

**बेनीगंज ( हरदोई )।** कोथावां ब्लॉक क्षेत्र के गौरी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय को नजदीकी बिराहिमपुर विद्यालय में विलय करने की सूचना पर नाराज अभिभावकों ने विद्यालय के मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया उन्होंने बच्चों को विद्यालय में घुसने नहीं दिया। विद्यालय के मुख्य गेट में ताला डालकर विद्यालय विलय न करने की मांग करने लगे। घंटों चले हंगामा पश्चात मौके पर पहुंची बेनीगंज पुलिस ने भीड़ को तितर वितर करते हुए समझाने का प्रयास किया, वही विद्यालय में बंद कई शिक्षकों को ताला खुलवाकर बाहर निकाला गया। मौके पर मौजूद इंस्पेक्टर ने मामले पर संजीदगी दिखाते हुए खंड शिक्षा अधिकारी प्रभावती को फोन कर मामले से अवगत कराते हुए मौके पर बुलाया। जहां पहुंची खंड शिक्षा अधिकारी से विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं ग्रामीणों ने बात की उन्होंने सभी को सांत्वना देते हुए कहा कि विद्यालय का विलय अभी नहीं किया जा रहा है आप सबकी समस्याओं के संबंध में उच्च अधिकारियों से बात की जाएगी। कहा विद्यालय विलय पश्चात भी खुलेगा क्योंकि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा नन्हे मुन्ने बच्चों को इसी प्रांगण में पूर्व की भांति शिक्षा प्राप्त कराई जाती रहेगी। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ने उपरोक्त मामले को लेकर लिखित देने की मांग की उन्होंने कहा बिराहिमपुर विद्यालय यहां से 2 किलोमीटर दूर है जिसमें कम बच्चे हैं जगह और बिल्डिंग भी कम है रास्ते में बंदरों का डर बना रहता है जिससे वहां बच्चे पढ़ने नहीं जा पाएंगे।

## मोहर्रम माह की छह तारीख को क्यों मनाई जाती है मेहंदी

**सण्डीला ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नगर क्षेत्र में मोहर्रम माह के महीने में हिंदुस्तानी प्रथा के अनुसार मुस्लिम समाज के लोगों ने मोहर्रम की 6 तारीख इमाम हुसैन के भतीजे इमाम हसन के बेटे इमाम कासिम रजि अल्लाह अन्हु की शहादत की छ: महुरर्मलू हराम मेहंदी रखकर मनाई जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुस्लिम समुदाय के लोगों का या कहना है कि इमाम हुसैन के भतीजे यानी इमाम कासिम रजि अल्लाह अन्हु की सादी तय थी।तभी एक जंग छिड़ी और उस जंग में इमाम कासिम रजि अल्लाह अन्हु शहीद हो गए वाह मोहर्रम की 6 तारीख थी इसीलिए मुस्लिम समुदाय के लोग एक थाली में यानी मेहंदी के रूप में एक छोटा सा ताजिया और अनेक मेल की मिठाई को चढ़ाते है और उसकी जियारत करते हैं। और वह तबर्रुक सभी लोगों में बाटते है। मोहर्रम की 6 को रात को दिखी चहल पहल संडीला के नगर वासियों में काफी उत्साह देखने को मिला। सुन्नी समुदाय के शादाब मरहूम नाजिम के बेटों व भाइयों ने मंडई से हजरत कासिम की मेहंदी का जुलूस निकाला जिसमें महिलाओं ने मन्नते मांगी और मेहंदी चढ़ाई मेहंदी का जुलूस नगर में गस्त कर सुबह 8:00 बजे अपने स्थान पर वापस आ गया। पुलिस की कड़ी निगरानी भी देखने को मिली मौजूद रहे।

## मिशन जल जीवन: पाइप लाइन तो डाल दी पर गड्ढे भरना ही भूल गए

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कटियारी क्षेत्र के दयालपुर व नाऊपुरवा गांव की कच्ची सड़क पर जल जीवन मिशन के तहत पानी की पाइप डालने की योजना बहुत जोरों से कागजों पर दौड़ रही है। जमीनी स्तर यह योजना ग्रामीणों के लिए जानलेवा बनी हुई हैए जिम्मेदारों की लापरवाही से पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे महीनों बाद भी बंद नहीं किए, जिस कारण यहाँ के स्कूली बच्चों के लिए खतरा बढ़ गया है। विकास खंड हरपालपुर के ग्राम पंचायत दयालपुर व नाऊपुरवा गांव की सड़क पर जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे को बंद नहीं किया गया ओर रोजाना स्कूल के बच्चे निकलते हैं, जिनके लिए जोखिम बना हुआ है। इतने बड़े गड्ढे को लेकर जब स्कूल के बच्चों से बात की गई तो बच्चों ने बताया है कि इस रास्ते से हम लोग प्रतिदिन जाते और आते हैं। बीच में गड्ढा बहुत बड़ा है ओर हम सभी छोटे बच्चे घूम कर स्कूल के लिए निकल जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया है कि पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे कई महीने से बंद नहीं किए गएए जिस कारण बरसात का पानी जब भर जाता है तो इसकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मामा भांजे की मौत, महिला गंभीर रूप से घायल

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कटरा बिल्हौर हाइवे पर बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मे मार दी। इस घटना मे मामा भांजे की मौत हो गई। साथ मे बाइक सवार मौसी गंभीर रूप से घायल हो गई। इनका इलाज जिला अस्पताल कन्नौज मे चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव भड़वल सलेमपुर निवासी साहिल (22) पुत्र भूरा अपने मामा इरफान (32) पुत्र अन्नू निवासी अटवारा नेवादा के साथ मौसी फकरुन (30) पत्नी स्व अशरफ को बाइक से छोड़ने जा रहा था। बुधवार की रात करीब 8 बजे कटरा बिल्हौर हाइवे पर स्थित गाजर पुलिया के निकट उसकी बाइक मे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे तीनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनो घायलों उन्नाव जनपद की सीएचसी गंजमुरादाबाद मे भर्ती कराया। जंहा पर चिकित्सक ने साहिल को मृत घोषित कर दिया। अन्य दोनों घायलों को जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया। देर रात इलाज के दौरान इरफ़ान ने भी दम तोड़ दिया। दोनों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। फकरून के पति की छह साल पहले मौत हो गई थी। जब से वह मायके मे रह रही है। मृतक साहिल अविवाहित था। दो बहनो मे दूसरे नंबर का था। वही मृतक इरफान के दो बेटी एक बेटा है। थाना अध्यक्ष बालेन्द्र मिश्रा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## उपसंभागीय परिवहन विभाग की ओर जाने वाला मार्ग बना तालाब, आवागमन में असुविधा, जिम्मेदार बेखबर



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जनपद में विकास के बड़े-बड़े दावे अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि तक करते आ रहे हैं लेकिन बारिश होते ही विकास के सारे दावे पानी में बह जाते हैं। एक और जहां बारिश में शहर की सड़क नाली व नाले के पानी में डूब जाती हैं वही कुछ गली मोहल्ले टापू में तब्दील हो जाते हैं लेकिन इनकी सुध लेने के लिए आज तक किसी भी अधिकारी व जनप्रतिनिधि ने कार्य नहीं किया है। शहर के लोगो को अब जिलाधिकारी अनुनय झा से इस समस्या से राहत दिलाने की बड़ी उम्मीद है।

हरदोई शहर में बने उपसंभागीय परिवहन कार्यालय की ओर जाने वाला मार्ग पर पानी भर जाने से उप संभागीय परिवहन कार्यालय जाने वाले लोगों को काफी असुविधा उठानी पड़ती है। कार्यालय की ओर जाने वाले लोगों के कपड़े भी गंदे होते हैं तो कई बार वाहन के फिसल जाने से गिरकर वाहन चालक चुटहल भी हो जाते है लेकिन इन सब के बाद भी अब तक जिम्मेदारों ने मार्ग को दुरुस्त करने के लिए कोई भी कदम नहीं उठाया है। प्रतिवर्ष बारिश में उप संभागीय परिवहन विभाग की ओर जाने वाला मार्ग किसी बड़े नाले से कम नजर नहीं आता है। सबसे ज्यादा समस्या पैदल व दो पहिया वाहन से जाने वाले लोगों को उठानी पड़ रही है।

### खराब सड़क की सुध लेने वाला कोई नहीं

उप संभागीय परिवहन विभाग की ओर जाने वाला मार्ग इन दिनों किस छोटे तालाब से कम नजर नहीं आ रहा है। मार्ग पर पानी भरा हुआ है। ऐसे में दोपहिया वाहन व पैदल जाने वाले लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग काफी समय से क्षतिग्रस्त था। लेकिन इस मार्ग की सुध लेने के लिए किसी भी अधिकारी व जनप्रतिनिधि ने कदम आगे नहीं बढ़ाये जिसका खामियाजा उप संभागीय परिवहन कार्यालय जाने वाले लोगों को उठाना पड़ता है।

उप संभागीय परिवहन कार्यालय की ओर जाने वाला मार्ग पहले से ही काफी अतिक्रमण से घिरा रहता है ऐसे में पानी भर जाने से लोगों की समस्याएं और विकट हो जाती हैं। सड़क से मार्ग नीचा होने के चलते बारिश का पानी उप संभागीय परिवहन कार्यालय के सामने ही जमा हो जाता है। पानी के सूखने के बाद कीचड़ लोगों के लिए जी का जंजाल बन जाती है। उप संभागीय परिवहन कार्यालय पहुंचने वाले लोगों ने हरदोई जिला अधिकारी से मार्ग के निर्माण की मांग की है साथ ही कार्यालय की ओर जाने वाले मार्ग पर खुली दुकानों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर कार्रवाई की भी मांग की है।

## पीडीए एकता दिवस के रूप में मनाया गया जन्मदिन

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** बिलग्राम-मल्लावां विधान सभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन पीडीए एकता दिवस के रूप में मनाया गया

सपा मुखिया अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल, पूर्व प्रत्याशी सपा नगरपालिका अध्यक्ष सईद अहमद, विधानसभा अध्यक्ष नसीम नेता पूर्व ब्लॉक प्रमुख कप्तान सिंह यादव राष्ट्रीय सचिव यूथ ब्रिगेड अजबू यादव, नगर अध्यक्ष बिलग्राम शब्बू खान के द्वारा एक विशाल भंडारा आयोजित करके आम जनता को भोज कराया गया। सपा मुखिया के जन्मदिन पर बिलग्राम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने केक काटकर समाजवादी पार्टी के मुखिया का जन्मदिन मनाया गया।

इस अवसर कार्यकताओं ने अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लगा कर सपा मुखिया को जन्मदिन की बधाई दी व ईश्वर से उनकी लंबी उम्र की कामना की। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल ने कहा कि आज हम समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ता व उत्तर प्रदेश की जनता माननीय अखिलेश यादव जी के जन्मदिन पर संकल्प लेते हैं कि 2027 में समाजवादी पार्टी की प्रचंड बहुमत से सरकार बनाकर अखिलेश यादव जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएंगे। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी विधानसभा अध्यक्ष नसीम नेता पूर्व ब्लॉक प्रमुख कप्तान सिंह यादव पूर्व प्रत्याशी नगरपालिका अध्यक्ष बिलग्राम सईद अहमद, राष्ट्रीय महासचिव बाबा साहेब वाहिनी सतेंद्र कुमार पानू, राष्ट्रीय सचिव यूथ ब्रिगेड अजबू यादव, नगर अध्यक्ष शब्बू खान, पूर्व प्रत्याशी सपा नगरपालिका माधोगंज हबीबुल रहमान, प्रदेश महासचिव सैनिक प्रकोष्ठ राजीव सिंह यादव, मो दिलशाद विधानसभा उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ राजेंद्र सिंह, यादव, शाहनवाज खान जिला उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, जिला उपाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, राजेश यादव, अजय प्रताप सिंह ग्राम प्रधान कंचनपुरवा, शावेंद्र यादव पूर्व प्रधान, नेत्रपाल सिंह, सुरेश पाल, सचिन यादव, कय्यूम, नदीम राइनी, सहित सैकड़ों नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्री कृष्ण जन्म सेवा दल ने हरदोई के कई मंदिरों में आयोजित किया 112 वाँ हनुमान मंगल पाठ

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** श्री हरि के प्रिय भक्त प्रहलाद की जन्म व् कर्म पावन भूमि हरदोई में मंगल पाठ के अवसर अपने निरंतर एक सौ बारहवे मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरो में एक साथ धार्मिक आयोजन कर माहौल को भक्ति मय कर दिया। आज श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री ठाकुर द्वारा मंदिर सदर बाज़ार, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, मंगली पुरवा, श्री खेतुई बाला जी धाम, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ, श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में हनुमान चालीसा, अष्टक व् आरती कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया।

महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवे गंज में संस्था सदसय पंकज गुप्ता ने सभी को हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। इस अवसर पर भजन गायक नितिन मिश्रा, अजय दीक्षित और अपूर्व गुप्ता ने एक से बढ़कर एक भजन सियाराम संग हनुमत भी आना, हनुमत संग पधारो राम हमारे कीर्तन में, पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जायेगे, दीननाथ मेरी बात, जब जब संकट कोई गहरा होता है, जहाँ जहाँ कीर्तन होता मेरे श्री राम का आदि भजन सुना लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर गौरव अग्रवाल, बहादुर बेटियाँ फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष रेशमा गुप्ता, नीलम जिंदल, अंशिका अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, अवध राज, गोलू गुप्ता, सचिन शुक्ला, आदित्य सिंह, मोहित शुक्ल, संदीप श्रीवास्तव, गौरव गुप्ता, अनिल गुप्ता, आस्था श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। पूजन मंदिर पुरोहित पंडित रवि मिश्र शास्त्री व अनिरुद्ध तिवारी ने किया। महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में श्री ठाकुर द्वारा मंदिर सदर बाज़ार में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति एबजरंग बाण व् आरती के साथ सुंदर कांड किया। इस अवसर पर जिला महिला प्रभारी विनीता पांडेय ने कहा कि ज्येष्ठ के प्रत्येक मंगल नासें रोग हरे सब पीड़ा भय मुक्ति के दाता वीर हनुमान जी को याद करने का पुण्य पर्व है। इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक अनीता मिश्रा, बीना त्रिपाठी, रंजना मिश्रा, अर्चना दुबे, सोनिका गुप्ता, शशि गुप्ता, रामवती देवी, सोनू गुप्ता मिंटू गुप्ता, पुष्पा मिश्रा, बॉबी ओमर, अलका गुप्ता, अमृता सिंह, नीलम गुप्ता, अमृता सिंह, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, चन्दा पांडेय, आर्या गुप्ता, मोनिका गुप्ता, विद्या पांडेय, आरती गुप्ता, राधा गुप्ता, आरती मिश्रा, रानी शुक्ला आदि बहनों समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील फोटो वायरल करने तथा युवती से जबरन संबंध बनाने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का फर्रुखाबाद जनपद के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र सरह गांव निवासी आनंद सिंह उर्फ छुन्ना का प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान आरोपित ने युवती से जबरन शारीरिक संबंध बनाकर अश्लील फोटो वीडियो बना लिए। युवती की मार्च में शादी कर दी गई। शादी के बाद आरोपित युवक अलग.अलग नाम से कई आईडी बनाकर सोशल मीडिया पर युवती के अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने लगा। युवती के पिता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। एसपी के आदेश पर 25 जून को मामले की एफआईआर दर्ज कर ली गई थी। मामले में आरोपित आनंद सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर रेप व आईटी एक्ट समेत कई धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक बालकृष्ण मिश्रा ने बताया आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। तथा मामले की जांच की जा रही है।

## जुआ अधिनियम के तहत तीन जुआरियों के खिलाफ हुई कार्यवाही

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उधरनपुर में पुलिस ने तीन जुआरियों को जुआ खेलते समय गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। प्राप्त विवरण में हल्का इंचार्ज लाखन सिंह हमराही कांस्टेबलों के साथ उधरनपुर गेट नंबर एक पर ड्यूटी पर थे मुखबिर की सूचना पर कुतुबनगर हिरौली मार्ग पर बाग में जुआ खेलते उधरनपुर निवासी रजनीश पुत्र रतिराम को 150 रुपए, अंकित पुत्र रामनिवास को 180 रुपए और रामप्रवेश पुत्र रामशरण को 190 रुपए और ताश की गड्डी के साथ गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै शर्मा देवी मौर्य पत्नी दयाराम मौर्य मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या-218548983 में शर्मा देवी मौर्या पत्नी दयाराम मौर्या दर्ज है। मेरा वास्तविक नाम रेखा देवी है। मेरे पॉलिसी में दर्ज नाम शर्मा देवी मौर्या को रेखा देवी के नाम से जाना जाए। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

शर्मा देवी मौर्य उर्फ रेखा देवी पत्नी दयाराम मौर्य,

पता:- त्योना, पोस्ट बेरुआ, तहसील सण्डीला, जिला-हरदोई


## बेटे की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने को पिता ने एसपी से लगाई गुहार

**पाली ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** थाना क्षेत्र में भरखनी ब्लॉक मुख्यालय के पास एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला थाए मृतक के पिता ने अपने गांव निवासी एक युवक पर उसके पुत्र की हत्या का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की, जिसके बाद गुरुवार को पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट दर्ज कराकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। पचदेवरा थाना क्षेत्र के अनंगपुर गांव निवासी गिरीश सिंह पुत्र धनपाल सिंह ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 18 जून की शाम को उनके 24 वर्षीय पुत्र आशुतोष सिंह को गांव निवासी गोपाल सिंह पुत्र गुड्डू सिंह अनंगपुर चौराहा स्थित ढाबे पर जाने की बात कहकर साथ ले गया। काफी देर तक आशुतोष के घर वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और खोजबीन शुरू कीए पर आशुतोष का कोई पता नहीं चला। अगले दिन सुबह जानकारी हुई कि भरखनी ब्लाक मुख्यालय के निकट रूपापुर भरखनी मार्ग पर एक शव पड़ा हैए तो वह परिजनों के साथ मौके पर गए पर वहां शव नहीं था। पाली थाने जाकर देखा तो शव उनके पुत्र आशुतोष का निकला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें आशुतोष के सिर में गंभीर चोट की पुष्टि हुई। गिरीश सिंह ने बताया कि उन्होंने पाली थाने में तहरीर दी पर पुलिस ने उनकी तहरीर नहीं लीए कई दिन बाद 27 जून को तहरीर ली पर अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। उन्हें प्रबल आशंका है कि गोपाल सिंह ने अपने भाई गोविंद सिंह के साथ मिलकर आशुतोष की हत्या की। उन्होंने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों को दंडित करने की मांग की, जिस पर एसपी ने मामले की जांच सीओ शाहाबाद को सौंपी है और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## दस वर्षीय बालक के साथ दुष्कर्म, आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में फसल की रखवाली कर रहे दस वर्षीय बालक के साथ एक युवक द्वारा कुकर्म करने की घटना में बालक के पिता की लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित पिता के अनुसार गुरुवार की सुबह वह खेत से तोरई तोड़कर मंडी में बेचने गया था। खेत पर रखवाली के लिए अपने दस वर्षीय पुत्र को छोड़ गया था। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलहरी निवासी शेरा दीक्षित पुत्र राजेश दीक्षित ने सुबह करीब सात बजे उसके पुत्र को खेत में अकेले पाकर उसे साथ जबरदस्ती कुकर्म किया।जब वह मंडी से वापस आया तो पुत्र ने सारी घटना से अवगत करवाया। प्रभारी निरीक्षक उमेश त्रिपाठी ने बताया बालक के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बालक को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।आरोपी को पुलिस तलाश कर रही है। शीघ्र ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

## चौहट्टा मस्जिद के पास से शान्त पूर्वक निकला सातवीं मोहर्रम का जुलूस

**पिहानी ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सातवीं मोहर्रम का जुलूस चौहट्टा मस्जिद के निकट शांतिपूर्वक निकला। प्रशासन के अधिकारियों ने राहत की सांस।यह जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाला गया। जुलूस में भारी भीड़ शामिल हुई और यह मुहल्ला मीर सराय स्थित इमामबाड़े से शुरू होकर कोट कलां में दूसरे जुलूस में मिल गया। इसके बाद, जुलूस चौहट्टा मस्जिद पहुंचा, जहां प्रशासन ने मस्जिद सैयदना फारूके आजम के पास बैरिकेटिंग लगाकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। जुलूस के कारण क्षेत्र की दुकानें बंद रहीं। चौहट्टा मस्जिद इलाका पुलिस ने छावनी के रूप में तब्दील कर दिया। छतों पर पुलिस बल तैनात रहा। ड्रोन से जुलूस की निगरानी होती रही। एसडीएम शाहाबाद, सीओ हरियावाँ, कोतवाल विद्यासागर पाल, कस्बा इंचार्ज अनेक पाल सिंह सुरक्षा व्यवस्था में डटे रहे। स्वच्छता के लिए नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह, गोपाल कृष्ण अवस्थी, अमित कुमार, अशोक कुमार, गुलशन जोशी, सफाई नायक मनोज सफाई नायक विजय व्यवस्थाओं में लग रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे प्रसूता की हुई मौत

**बेनीगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोथावा कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार रात 2 बजे प्रसव को आई एक प्रसूता की बच्चे को जन्म देने से पहले ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बेनीगंज पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेज दिया है। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के मरेउरा गांव निवासी सतीश की पत्नी पूजा (320) नौ माह से गर्भवती थी। बुधवार देर रात दो बजे अचानक पेट में दर्द उठने से परिजन गांव के ही भगौती के ऑटो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावा को लाये। जहा पर थोड़ी देर इलाज करने के बाद उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुचे चौकी प्रभारी कोथावा रामानन्द मिश्रा ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेज दिया।



### तीन बच्चों को छोड़ चल बसी पूजा

**बेनीगंज।** मृतका पूजा की सास सोनेश्री ने राष्ट्रीय प्रस्तावना टीम को जानकारी देते हुए बताया कि मृतका अपने पीछे दो बेटी मधु (10), मधु रानी (03) व एक बेटा राज (07) पीछे छोड़ गयी है। मृतका की सास सोनेश्री ने बताया कि एक माह पहले घर से बेटी की शादी की थी घर मे खुशी का माहौल था। अचानक क्या हुआ कि हम लोगो पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा।

## डिजिटल चुनौती

इसमें दो राय नहीं कि पिछले एक दशक में प्रौद्योगिकी ने आम भारतीय के जीवन को सहज-सरल बनाने में निर्णायक भूमिका निभायी है। आज तमाम तरह की सुविधाओं को हासिल करने के लिये उसे दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। अनेक सेवाएं एक क्लिक के साथ उसकी मुट्ठी में होती हैं। दरअसल, डिजिटल इंडिया की महत्वाकांक्षी पहल नरेंद्र मोदी सरकार के दौरान वर्ष 2015 में शुरू की गई थी। जिसका मकसद रोजाना व्यवहार में सामने आने वाली जटिलताओं को दूर करके जीवन को आसान बनाना था। निस्संदेह, पिछले एक दशक में इस महत्वाकांक्षी परियोजना ने कई प्रकार से नागरिकों को सशक्त बनाने में निर्णायक भूमिका निभायी है। विशेष रूप से डिजिटल भुगतान आज पूरे देश में अपरिहार्य हो गए हैं। इससे जुड़े आंकड़े पूरी दुनिया को चौंका रहे हैं। इस वर्ष अप्रैल में लगभग 25 लाख करोड़ रुपये के यूपीआई लेन-देन किए गए हैं। इन यूपीआई लेनदेन की संख्या करीब 1,860 थी। वर्ष 2023 में भारत ने वैश्विक रीयल-टाइम लेनदेन का 49 फीसदी हासिल किया। जिसमें 46 करोड़ लोग और 6.5 करोड़ व्यापारी यूपीआई का उपयोग कर रहे थे। निस्संदेह, शासन के विभिन्न क्षेत्रों में भी डिजिटल उपयोग में खासी प्रगति हुई है। जिससे व्यवस्था अधिक पारदर्शी और नागरिकों के हितों के अनुकूल हो गई है। इस डिजिटल क्रांति के चलते स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बैंकिंग और अन्य सेवाओं तक नागरिकों की पहुंच आसान हुई है। डिजिटल क्रांति से जुड़ी तमाम चुनौतियों के अलावा अभी देश में डिजिटल डिवाइड की समस्या बनी हुई है। जिसे यथाशीघ्र पाटने की जरूरत है। हालांकि, इस दिशा में आशातीत प्रगति भी हुई है, लेकिन अभी इस दिशा में बहुत कुछ करने के लिये चरणबद्ध प्रयासों की सख्त जरूरत है। यह चुनौती ग्रामीण भारत में अधिक नजर आती है। जहां इंटरनेट सेवाओं और मोबाइलों की पहुंच शहरों के मुकाबले कम है। जाहिर है, जब देश के हर व्यक्ति तक डिजिटल क्रांति का लाभ पूरी तरह नहीं पहुंच पाएगा, इस क्रांति के लक्ष्य अधूरे ही रहेंगे। निश्चित रूप से देश में स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंकिंग आदि सेवाओं में जो व्यापक सुधार आया है, उसका लाभ हर नागरिक तक पहुंचना जरूरी है। वहीं दूसरी ओर देश में डिजिटल डिवाइड की खाई को पाटने की दिशा में मिशन के रूप में प्रयास जारी हैं। लेकिन हाल में हुए कुछ सर्वेक्षणों के निष्कर्ष चिंता बढ़ाने वाले हैं। इसमें शामिल व्यापक मॉड्यूलर सर्वेक्षण रू दूरसंचार, 2025 का उल्लेख करना जरूरी हो जाता है। जिसके अनुसार साल 2025 तक भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली लगभग आधी महिलाओं के पास मोबाइल फोन उपलब्ध नहीं थे। इसके निष्कर्ष एक महीने पहले राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा भी जारी किए गए थे। वहीं इसी तरह एक और आंख खोलने वाली बात शिक्षा मंत्रालय के तहत आने वाले यूनिफाइड डिस्ट्रिक इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट में भी सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के केवल 57.2 फीसदी स्कूलों में कार्यात्मक कंप्यूटर ही उपलब्ध हैं। वहीं दूसरी ओर 53.9 प्रतिशत स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। देश के विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भारत नेट परियोजना के तहत कुल 6.55 लाख गांवों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के लिये लक्षित किया जाना था, लेकिन अभी तक उसमें दो-तिहाई गांवों को कवर किया जाना अभी बाकी है। वहीं दूसरी ओर देश की इस सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी ने बीएसएनएल की दुर्दशा को भी उजागर किया है, जो एक के बाद एक पुनरुद्धार पैकेज मिलने के बावजूद टेलीकॉम क्षेत्र की निजी कंपनियों के खिलाड़ियों से पीछे है। निस्संदेह, मोदी सरकार के पास डिजिटल इंडिया की प्रगति के लिये अपनी पीठ थपथपाने के लिये कई कारण हैं, लेकिन उसे कमियों और अंतरालों पर ध्यान देने की सलाह दी जाएगी। निश्चित रूप से डिजिटल पारिस्थितिकीय तंत्र के भीतर व्याप्त असमानताओं को दूर किए बिना विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। डिजिटल क्रांति को गति देना निश्चित तौर पर राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए।

**डिजिटल इंडिया की महत्वाकांक्षी पहल नरेंद्र मोदी सरकार के दौरान वर्ष 2015 में शुरू की गई थी। जिसका मकसद रोजाना व्यवहार में सामने आने वाली जटिलताओं को दूर करके जीवन को आसान बनाना था। निस्संदेह, पिछले एक दशक में इस महत्वाकांक्षी परियोजना ने कई प्रकार से नागरिकों को सशक्त बनाने में निर्णायक भूमिका निभायी है। विशेष रूप से डिजिटल भुगतान आज पूरे देश में अपरिहार्य हो गए हैं। इससे जुड़े आंकड़े पूरी दुनिया को चौंका रहे हैं। इस वर्ष अप्रैल में लगभग 25 लाख करोड़ रुपये के यूपीआई लेन-देन किए गए हैं। इन यूपीआई लेनदेन की संख्या करीब 1,860 थी।**

## भविष्य के युद्धों के लिए तैयार होती भारतीय सेना

मृत्युंजय दीक्षित

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद से ही भारत अपनी सेनाओं को आत्मनिर्भर, स्वदेशी तकनीक से समृद्ध, सुदृढ़ व सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।भारतीय सेना को भविष्य की रक्षा चुनौतियों लिए इस प्रकार तैयार किया जा रहा है कि भूमि से लेकर वायु और समुद्र की गहराई से लेकर अंतरिक्ष की ऊंचाईयों तक अपनी सुरक्षा के लिए किसी अन्य पर निर्भर न रहना पड़े। आज अति आधुनिक ड्रोन से लेकर अविश्वसनीय मारक क्षमता वाली मिसाइलों तक का निर्माण भारत में किया जा रहा है। विगत दिनों ईरान- इजराइल के मध्य संघर्ष के बीच ईरान के शक्तिशाली व मजबूत परमाणु संयंत्रो को नष्ट करने की क्षमता न होने के कारण इजराइल को भी अमेरिका की शरण में जाना पड़ा था। ऐसी ही परिस्थितयों से बचने के लिए भारत अब बंकर ब्लस्टर बम बनाने की दिशा में भी अग्रसर है। वर्तमान समय में कुछ ही राष्ट्र के पास बंकर ब्लस्टर जैसी सुविधा उपलब्ध है और जब भारत का यह बम बन जाएगा तब भारत भी इसी श्रेणी में शामिल हो जाएगा। भारत के सबसे खतरनाक पडोसी चीन के पास इस प्रकार के अनेक बम है और परमाणु युद्ध की स्थिति में चीन भारत पर इसका उपयोग कर भी सकता है यही कारण है कि अब भारत ने इस पर तेजी से काम प्रारंभ कर दिया है । जब भारत का यह स्वदेशी बंकर ब्लस्टर बम बनकर तैयार हो जाएगा तब हमारी अग्नि -5 मिसाइल दुश्मन के मजबूत अड्डों और तहखानों को मिनटां में ध्वस्त करक वापस चली आएगी। भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं संगठन अग्नि 5 मिसाइल के दो नये एडवांस प्रारूप विकसित कर रहा है जिसमें प्रथम प्रारूप बंकर ब्लस्टर वॉरहेड या विस्फोटक ले जाने वाला होगा जो जमीन के भीतर 80 से 100 मीटर तक जाकर दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त करेगा जबकि दूसरा प्रारूप विस्फोटक ले जाने वाला होगा।ये दोनों ही प्रारूप दुश्मन के डिफेंस सिस्टम, न्यूक्लियर सिस्टम, रडार सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और हथियार डिपो को ध्वस्त करके वापस लौट आएंगे। अग्नि -5 बंकर ब्लस्टर मिसाइल जमीन, सड़क और मोबाइल लांचर से दागी जाएगी। अग्नि -5 भारत की एक ऐसी मिसाइल है जो एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक निशाना लगा सकती है।इसकी रेंज 5 से 7 हजार किमी तक हैं ये परमाणु हथियार भी ले जा सकती है।भारत का बंकर ब्लस्टर बम अमेरिकी बम से भी अधिक क्षमतावान बनाया जा रहा है।भारत की बंकर ब्लस्टर मिसाइल अमेरिकी बम से अधिक गहराई तक निशाना लगा सकती है।भारत को चीन और पाकिस्तान से पैदा हुए खतरे को देखते हुए ही इस प्रकार की मिसाइल का निर्माण किया जा रहा है। भारतीय नौसेना को मिला तमाल - इसी प्रकार ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस दुश्मनां के रडार से बचने में सक्षम और अब तक का सबसे घातक आधुनिक स्टील्थ युद्धपोत आईएनएस तमाल अब भारतीय नौसेना में शामिल हो गया है जिसके कारण अब समुद्र में भी भारत की ताकत बढ़ाने वाली है।इस बहुउद्देशीय अत्याधुनिक युद्धपोत का जलावतरण रूस के कैलिनिनग्राद में हुआ। नौसेना के पश्चिमी बेडे में शामिल यह युद्धपोत अरब हिंद सागर में तैनात होगा और पाकिस्तान से लगती सीमा पर निगरानी में भारत की सबसे बढ़ी ताकत बन जायेगा। तमाल युद्धपोत विगत दो दशकों में रूस से प्राप्त क्रियाक श्र्रेणी के युद्धपोतों की श्रृंखला में आठवां युद्धपोत है। यह पूर्ववर्ती संस्करणों की तुलना में अधिक उन्नत है। इसमें लंबवत प्रक्षेपित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल उन्नत 100 मिलीमी की तोप , मानक 30 मिलीलीटर गन क्लोज -इन हथियार प्रणाली के अलावा आधुनिक समय की प्रणाली अत्यधिक भार वाले टारपीडो तत्काल हमला करने वाले पनडुब्बी रोधी, रॉकेट और अनेक निगरानी एवं अग्नि नियंत्रण रडार तथा अन्य प्रणालियां शामिल हैं। युद्धपोत का नाम तमाल देवताओं के राजा इंद्र की पौराणिक तलवार से लिया गया है। इसकी मारक क्षमता भी उसी तरह तेज, आक्रामक और निर्णायक है। इसका शुभंकर भारतीय पौराणिक कथाओं के अमर भालू जाम्बंत और रूसी राष्ट्रीरय पशु यूरेशियन भूरे भालू की समानता से प्रेरित है।तमाल युद्धपोत का निर्माण रूस के कैलिनिनग्राद स्थित यांतर शिपयार्ड में हुआ है और इसमें 26 प्रतिशत स्वदेशी उपकरण हैं।सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह आखिरी युद्धपोत है जो विदेश में बना है किंतु अब ऐसा युद्धपोत भारत में ही बनने लगेगा जिसके बाद भारत की नौसेना की ताकत और बढ़ जाएगी। दूसरी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस युद्धपोत के कुशल संचालन व रखरखाव के लिए 250 नौसेना कर्मियों ने रूस में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।यह बहु मिशन युद्धपोत भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारंपरिक और गैर पारंपरिक दोनों तरह के खतरों से निपटने मेंसक्षम है। भारत की नौसेना को एक और स्वदेशी युद्धपोत उदयगिरि का उपहार भी मिला है। इस युद्धपोत में सुपरसोनिक सतह से सतह से मार करने वाली प्रणाली लगी है। इसमें 76 मिमी गन,30 मिमी और 12..7 मिमी की रैपिड फायर गन सहित डीजल इंजन और गैस टर्बाइन युक्त सीओडीजी प्रणाली से युक्त है। इस 3900 टन वजनी और 125 मीटर लंबे युद्धपोत में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल लैस हैं।यह दोनों ही युद्धपोत भारत की समुद्री सीमा की सुरक्षा में अहम भूमिका अदा करने वाले हैं।

**वर्तमान समय में कुछ ही राष्ट्र के पास बंकर ब्लस्टर जैसी सुविधा उपलब्ध है और जब भारत का यह बम बन जाएगा तब भारत भी इसी श्रेणी में शामिल हो जाएगा। भारत के सबसे खतरनाक पडोसी चीन के पास इस प्रकार के अनेक बम है और परमाणु युद्ध की स्थिति में चीन भारत पर इसका उपयोग कर भी सकता है यही कारण है कि अब भारत ने इस पर तेजी से काम प्रारंभ कर दिया है । जब भारत का यह स्वदेशी बंकर ब्लस्टर बम बनकर तैयार हो जाएगा तब हमारी अग्नि -5 मिसाइल दुश्मन के मजबूत अड्डों और तहखानों को मिनटों में ध्वस्त करक वापस चली आएगी। भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं संगठन अग्नि 5 मिसाइल के दो नये एडवांस प्रारूप विकसित कर रहा है जिसमें प्रथम प्रारूप बंकर ब्लस्टर वॉरहेड या विस्फोटक ले जाने वाला होगा जो जमीन के भीतर 80 से 100 मीटर तक जाकर दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त करेगा जबकि दूसरा प्रारूप विस्फोटक ले जाने वाला होगा।ये दोनों ही प्रारूप दुश्मन के डिफेंस सिस्टम, न्यूक्लियर सिस्टम, रडार सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और हथियार डिपो को ध्वस्त करके वापस लौट आएंगे। अग्नि -5 बंकर ब्लस्टर मिसाइल जमीन, सड़क और मोबाइल लांचर से दागी जाएगी। अग्नि -5 भारत की एक ऐसी मिसाइल है जो एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक निशाना लगा सकती है।इसकी रेंज 5 से 7 हजार किमी तक हैं ये परमाणु हथियार भी ले जा सकती है।**

## सहयोग की शक्ति और सामाजिक समरसता का उत्सव

**अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर विशेष**

ललित गर्ग

हर वर्ष जुलाई के पहले शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जाता है। यह दिन सहकारी संस्थाओं की उपलब्धियों को रेखांकित करने और उनके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक योगदान को सम्मानित करने का अवसर होता है। सहकारिता एक ऐसा आंदोलन है जो 'एकता में शक्ति' की भावना को मजबूत करता है और लोकतांत्रिक, समावेशी और न्यायसंगत आदर्श समाज के निर्माण में सहायक बनता है। सहयोग की शक्ति और सामाजिक समरसता के इस उत्सव का 2025 की थीम है 'सहकारिताः एक बेहतर दुनिया के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान लाना।' यह थीम पर्यावरण-संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, और सामाजिक समावेशन जैसे विषयों को सहयोग के माध्यम से हल करने की प्रेरणा देती है। आज के समय में जब आर्थिक विषमता और सामाजिक असंतुलन बढ़ रहा है, सहकारिता एक वैकल्पिक और मानवीय मॉडल प्रस्तुत करती है। यह न केवल आर्थिक विकास की राह दिखाती है, बल्कि सामाजिक विश्वास, सह-अस्तित्व और भाईचारे को भी बढ़ावा देती है। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त यह 29वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस और 101वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस होगा। यह सहकारी आंदोलन का एक वार्षिक उत्सव है जो अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन द्वारा 1923 से जुलाई के पहले शनिवार को मनाया जाता है। इस उत्सव का उद्देश्य सहकारिता के बारे में जागरूकता बढ़ाना, संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय सहकारी आंदोलन के पूरक लक्ष्यों और उद्देश्यों को उजागर करना, संयुक्त राष्ट्र द्वारा संबोधित प्रमुख समस्याओं के समाधान में आंदोलन के योगदान को रेखांकित और विस्तारित करना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में घोषित किया है। यह घोषणा 2012 में पहले सफल आयोजन के बाद की गई है और वैश्विक स्तर पर सतत विकास को बढ़ावा देने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देती है। दुनिया भर की सहकारी समितियां दिखाएंगी कि कैसे वे एकजुटता और लचीलेपन के साथ युद्ध, महामारी एवं प्राकृतिक आपदा संकट का सामना कर रही हैं और समुदायों को जन-केंद्रित और पर्यावरण की दृष्टि से न्यायसंगत पुनर्प्राप्ति की पेशकश कर रही हैं। सहकारिता दिवस इस बात का प्रचार करने का अवसर है कि किस प्रकार मानव-केन्द्रित व्यवसाय मॉडल, जो स्वयं-सहायता और एकजुटता के सहकारी मूल्यों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व और समुदाय के प्रति चिंता के नैतिक मूल्यों द्वारा समर्थित है, असमानता को कम कर सकता है, साझा समृद्धि का सृजन कर सकता है। सहकारी समितियां, जो आर्थिक सफलता को सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ संतुलित करने की अपनी अनूठी क्षमता के लिए जानी जाती हैं, उन्हें सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है। संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव सदस्य देशों को सहकारी समितियों के लिए एक सहायक कानूनी और नीतिगत माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें कृषि, वित्त और खुदरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनके महत्व पर जोर दिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) ने इस पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया है। आईसीए के अध्यक्ष एरियल ग्वार्को ने इस घोषणा को संगठन के सतत विकास के लिए चल रहे प्रयासों के साथ संरेखित करने पर प्रकाश डाला। इस घोषणा से वैश्विक स्तर पर समानतापूर्ण और लचीली अर्थव्यवस्था बनाने में सहकारी समितियों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है, खासकर जलवायु परिवर्तन और आर्थिक असमानता जैसी वैश्विक चुनौतियों के सामने। सहकारिता पर ध्यान केंद्रित करके, संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य टिकाऊ, समुदाय-केंद्रित समाधान प्रदान करने में मॉडल की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करना है। सहकारिता, जिसे अंग्रेजी में कोआपरेटिव कहते हैं, एक ऐसा संगठन है जिसमें लोग स्वेच्छा से मिलकर काम करते हैं ताकि अपनी सामान्य आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। यह एक लोकतांत्रिक रूप से नियंत्रित व्यवसाय है जहां सदस्य ही मालिक होते हैं और व्यवसाय का संचालन और लाभ का वितरण भी सदस्यों के बीच ही होता है। सहकारिता का अर्थ है, 'मिलजुल कर काम करना' या 'आपस में सहयोग करना'। यह एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें लोग स्वेच्छा से एक साथ मिलकर काम करते हैं, ताकि वे अपने सामान्य आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें. सहकारिता का मुख्य उद्देश्य आपसी सहयोग, समानता और सामूहिक हित को बढ़ावा देना है। इसका मूल मंत्र है 'सभी के लिए एक, और एक सभी के लिए। भारत में सहकारिता की भावना एवं विचारधारा आजादी से पहले से जन-जन में रची-बसी है। भारत की जनता के स्वभाव में सहकारिता घुली मिली है, ये कोई उधार लिया विचार नहीं है। सहकारिता भारत के संस्कार में है। भारत में सहकारिता आंदोलन कभी भी अप्रासंगिक नहीं हो सकता। सहकारिता की जड़े 1904 के सहकारी ऋण समितियां अधिनियम से जुड़ी हैं। स्वतंत्रता के बाद यह आंदोलन और भी सशक्त हुआ। चाहे अमूल जैसी डेयरी सहकारी संस्थाएं हों या सहकारी बैंकों और किसान समितियां, उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में जब सहकारिता आंदोलन की सबसे अधिक जरूरत थी, तब यशस्वी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सहिकारिता मंत्रालय का गठन करके सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता को नये आयाम दिये हैं। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से करोड़ों किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। सभी राज्यों के सहकारिता मंत्री अपने-अपने राज्यों में कृषि मंत्रियों के साथ समन्वय कर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं ताकि आम लोगों के साथ-साथ धरती माता का स्वास्थ्य भी बेहतर हो सके। गरीब कल्याण और गरीब उत्थान, बिना सहकारिता के सोचा नहीं जा सकता। नरेन्द्र मोदी के मन की इच्छा है कि छोटे से छोटे व्यक्ति को विकास की प्रक्रिया में हिस्सेदार बनाना, सहकारिता की प्रक्रिया से हर घर को समृद्ध बनाना और हर परिवार की समृद्धि से देश को समृद्ध बनाना, यही सहकार से समृद्धि का मंत्र है। देश पर जब-जब कोई विपदा आई है, सहकारिता आंदोलनों ने देश को बाहर निकाला है। कॉपरेटिव बैंक बिना मुनाफ़े की चिंता किए लोगों के लिए काम करते हैं क्योंकि, भारत के संस्कारों में सहकारिता है। आज देश में लगभग 91 प्रतिशत गांव ऐसे हैं जहां छोटी-बड़ी कोई न कोई सहकारी संस्था काम करती है। सहकारिता गरीबों और पिछड़ों के विकास के लिए है। राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम-(एनसीडीसी) और सहकारिता मंत्रालय जैसे संस्थान इस क्षेत्र को संगठित और सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। भारत की सहकारिता सोच एवं मोदी सरकार की प्रतिबद्धताएं दुनिया के लिये एक प्रेरक मॉडल है। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, एक ऐसा आंदोलन जो समाज को जोड़ने, ऊपर उठाने, संतुलित विकास और ग्रामीण जीवन को टिकाऊ बनाने की क्षमता रखता है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि यदि हम साथ मिलकर कार्य करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। सहयोग ही सशक्तिकरण की कुंजी है।

## ज्योतिपुरुष गुलजारीलाल नन्दा जी !

रामप्यारे त्रिवेदी
(पूर्व निजी सचिव, श्री गुलजारीलाल नन्दा)

**4 जुलाई (जन्मदिन) पर विशेष**

''भारतरत्न'' श्री गुलजारीलाल नन्दा का जन्म 4 जुलाई 1898 को अविभाजित पंजाब के स्यालकोट जिला के गढ़थल ग्राम में श्री बुलाकीराम नन्दा के परिवार में हुआ था। प्रारम्भिक शिक्षा गांव की पाठशाला में हुई, माध्यमिक शिक्षा लाहौर और आगरा में मिली और उच्च शिक्षा के लिये इलाहाबाद विश्वविद्यालय की ख्याति उन्हें प्रयागराज ले गई। वहां से अर्थशास्त्र में एम.ए. और कानून की डिग्री प्राप्त की। नन्दाजी में अच्छा संस्कार, प्रखर बुद्धि और पढ़ने की लगन, यही तीनों गुण देखकर उनके अंग्रेज प्रोफ़ेसर एच. स्टेनली जीवोन्स ने उन्हें शोध छात्रवृत्ति दिलवा करढ ''भारत की मजदूर समस्या'' पर थीसिज़ लिखने के लिये 1921 में अहमदाबाद भेजा, जहां उस समय सूती कपड़ा मिलों में काम करने वाले मजदूरों की संख्या एक लाख थी जो भारत के हर भाग से आकर यहां काम करते थे। उनके बीच 1918 में गांधीजी 'मजूर-महान सभा' सम्बोधन से एक संगठन बना कर प्रवेश कर चुके थे, जिन्होंने नन्दा जी को चुम्बक की तरह अपनी ओर खींच लिया। उनके कार्यक्षेत्र की दिशा बदल गई वे बाइस वर्षों तक श्रमिक कल्याण के लिये अहमदाबाद की मजदूर जनता से जुड़े रहे। इसी अवधि (1927) में अहमदाबाद नगर निगम के सभासद के रूप में नन्दा जी का राजनीति में प्रवेश हुआ था। यहीं से 1937 में स्वायत्त शासन के लिये बम्बई राज्य विधान परिषद् के सदस्य चुने गये। (तब गुजरात अलग प्रान्त नहीं बना था) 1946 में पुनर्गठित बम्बई राज्य विधान सभा में विधायक चुन कर आ गये। इस बार बम्बई राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री बालासाहब खेर ने नन्दा जी को श्रम तथा मकान मंत्री बनाया। इनके प्रयास तथा प्रस्ताव से ''श्रमिक विवाद बिल'' एवं ''श्रमिक सम्बन्ध बिल'' पहले बम्बई विधान सभा में पास हुये फिर उनके आधार पर केन्द्रीय सरकार के अनेक श्रम कानून बने। भारत स्वतंत्र होने से चार माह पूर्व मई 1947 में नन्दा जी के भगीरथ प्रयास ''इंटक'' (इण्डियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस) बनाने में सफल हुये। अब तक वे श्रमिक आन्दोलन के शिखर-पुरुष बन चुके थे। 1950 में प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में योजना आयोग बना, जिसके प्रथम उपाध्यक्ष नन्दा जी बनाये गये, इस तरह केन्द्र की राजनीति में उनका प्रवेश हुआ था। नेहरू जी के नेतृत्व में नन्दा जी ने तीन पंचवर्षीय योजनाओं का सफल संचालन किया, जहां कपड़ा सिलने की सुइयाँ भी विदेशों से आयात होती थीं, यहां अपने देश में हवाई जहाज बनने लगे, मानो विकास ही नन्दा जी के प्राणों का स्पन्दन था। वे विद्युत मंत्री, सिंचाई मंत्री, श्रम मंत्री और योजना मंत्री, एक साथ चारों पदों पर वर्षों तक रहे। सितम्बर 1963 में जवाहरलाल जी ने नन्दा जी को गृह मंत्री बना दिया, इस पद पर आते ही उन्होंने दो वर्षों में भ्रष्टाचार खत्म करा देने की लोकसभा में घोषणा कर दी, इसके लिये केन्द्र में कुछ कानून बने, सामाजिक चेतना के लिये योजना मंत्री के रूप में आप भारत सेवक समाज तथा भारत साधु समाज की स्थापना कर चुके थे किन्तु भ्रष्टाचार उन्मूलन की घोषणा के साथ नन्दा जी ने गांव-गांव में 'सदाचार समितियां' स्थापित करने का आह्वान भी किया था। 27 मई 1964 को नेहरू जी के दिवंगत होने पर नन्दा जी को प्रधानमंत्री पद की शपथ सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन (तत्कालीन राष्ट्रपति) ने दिलाई। भारतीय संविधान में प्रधान मंत्री का पद एक पल भी रिक्त नहीं रह सकता, इसलिये नन्दा जी को यह सम्मान मिला, फिर 14 दिन बाद कांग्रेस संसदीय दल के नेता चुने जाने पर



स्वनाम धन्य श्री लालबहादुर शास्त्री भारत के प्रधान मंत्री बने थे। उन्हीं के कार्यकाल में 1965 में जब भारत-पाक युद्ध हुआ तो दस दिनों तक फौजी वर्दी में रहकर गृहमंत्री नन्दा जी ने राष्ट्र का मनोबल बढ़ाया था। 11 जनवरी 1966 को ताशकन्द (सोवियत रूस) में हृदयगति रूक जाने से जब शास्त्री जी का निधन हो गया तो उस त्रासदी में पुनः नन्दा जी को प्रधान मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। फिर 14 दिन बाद इन्दिरा गांधी प्रधान मंत्री बनी। देशकाल की जिस परिस्थिति में श्रीमती इन्दिरा गांधी सत्ता की केन्द्र बिन्दु बनी थी, उसमें बहुत कुछ नया-नया दिखने लगा था, पुरानों में केवल नन्दा जी उनके साथ 'इन्द्रधनुष' की तरह थोड़े समय तक देखे गये थे। शायद भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में दोबारा ऐसा िलक्षण संयोग नहीं दिखेगा, जिसमें एक गृहमंत्री (नन्दा जी) तीन-तीन प्रधान मंत्रियों के कार्यकाल से जुड़ा हो। श्रीमती इन्दिरा गांधी तीसरी प्रधान मंत्री थीं, जिनके गृहमंत्री नन्दा जी रहे, मगर 7 नवम्बर 1966 को गोवध पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग करते हुये दिल्ली में साधुओं की जो शोभायात्रा (जलूस) निकली थी, उसमें अराजक तत्त्व भी साधुओं का वेश बनाकर घुस आये थे, जिन्होंने लोकसभा के सामने होने वाले विराट् सभा के समीप पहुँच कर हिंसा फैला दी. पुलिस की गोलियों मी चलने लगीं, सभा को समाप्त करना पड़ा। इस हिंसा के कारण नन्दा जी को गृहमंत्री पद से त्यागपत्र देना पड़ा। यह एक स्वस्थ परम्परा है कि त्यागपत्र देने वाले केन्द्रीय मंत्री को एक बार संसार में अपनी स्थिति और कारण को स्पष्ट करने का अवसर मिलता है, वह उन्हें मिला। 11 नवम्बर 1966 को संसद में नन्दा जी ने तीन बातें कहीं 1. ''मेरे पास एक माह पूर्व गो भक्तों का एक प्रतिनिधि मण्डल मिलने आया, उसने 7 नवम्बर को दिल्ली में एक साधु शोमा यात्रा निकालकर सरकार पर दबाव बनाने के लिये लोकसभा के सामने एक विराट् सभा करने की अनुमति मांगी हमने उन्हें दी क्यों कि लोकतंत्र में यहां उनका अधिकार बनता था। 2. मैं स्वयं इस पक्ष में हूं कि सम्पूर्ण भारत में गो हत्या पर प्रतिबन्ध लगना चाहिये गाय भारतीय संस्कृति में श्रद्धा रखने वाले करोडों स्त्री-पुरुषों की पूज्य है। 3. अन्त में मुझे यह कहना है कि साधुओं की सभा में मुट्ठी भर की नगण्य संख्या वाले जो अपराधी घुस आये थे उन्हें साधुओं के नकली नेष में भेजने वाले वह लोग थे, जिन्हें मेरा भ्रष्टाचार उन्मूलन अभियान खल रहा था। मेरे प्रशासनिक अधिकारी ने मुझे अंधेरे में रखा। इस भाषण से पहले भी हजारों बार नन्दा जी संसद में बोले थे, मगर तब पण्डित जवाहरलाल नेहरू और लालबहादुर शास्त्री उनके व्यक्तित्य की बाल थे, इस बार के भाषण में श्रीमती इन्दिरा गांधी की मुख राजनीति का एक मौन दृश्य था। शायद किसी भी सांसद ने नन्दा जी के इस भाषण पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की थी। (नन्दा जी 1970 में एक वर्ष रेल मंत्री भी रहे) गृह मंत्री पद से हटने के बाद भी कर्मयोगी नन्दा जी का कद छोटा नहीं हुआ अपितु युगों-युगों की स्मृतियों में स्थापित हो जाने वाला एक नया अध्याय और खुला। 1986 में ही हरियाणा नया राज्य बना, इंटक के नेता पण्डित भगवतः दयाल शर्मा वहां के मुख्यमंत्री बनाये गये, ये 1967 के आम चुनाव में नन्दा जी को हरियाणा के कॅथल (कुरुक्षेत्र) लोक सभा क्षेत्र से जीत कर आने वाले नन्दा जी इस बार हरियाणा से जीतकर आये और नया इतिहास रचा। 1968 में हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल ने नन्दा जी की अध्यक्षता में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड का गठन किया, 1990 तक ये इस बोर्ड के अध्यक्ष रहे। इन बाइस वर्षों में नन्दा जी ने कुरुक्षेत्र को कृष्णमय कर देने के सारे उपक्रम करके स्थाई विश्राम के लिये अहमदाबाद अपनी पुत्री के पास आ गये। यद्यपि श्री नन्दा जी का सारा जीवन राजसत्ता और राजनीति में गुजरा, मगर समाज ने उन्हें संतों जैसी श्रद्धा क्यों प्रदान की? जैसे पृथ्वी के नीचे जहां भी खोदा जाय, पानी मिलेगा, उसी तरह भारत की प्रबुद्ध प्रौढ़ पीढ़ी तथा वरिष्ठ युवाओं के हृदय में नन्दा जी का नाम सुनते ही क्यों श्रद्धा छलक पडती है? उनके प्रति श्रद्धा का आधार उनके जीवन का पुरुषार्थ चतुष्टय है। सनातन धर्म में जीवन के चार पुरुषार्थ माने गये हैं- धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, यह चारों पुरुषार्थ नन्दा जी के जीवन में विद्यमान थे। धर्म के क्षेत्र में वे आधुनिक युग के धर्मप्राण पुरुषों में अग्रगण्य थे। अर्थ के क्षेत्र में उनके हस्ताक्षरों से असंख्य अरब रुपये जनहित में खर्च हुये। काम के क्षेत्र में गृहस्थ नन्दा जी ने कर्म की संस्कृति को नैतिक दृष्टि प्रदान की थी। मोक्ष मार्गी नन्दा जी कैसे रहे, इसका संकेत उनकी सुपुत्री डा. पुष्पा नायक ने इन शब्दों में दिया है- ''मेरे पिता जी विगत एक वर्ष से कोई जरूरत पड़ने पर मेरा नाम लेते हैं बाकी बौबीसों घण्टे उनके मुख से ''श्री हरिशरणम-श्री हरिशरणम की ध्वनि निकलती है संसार की मोह-ममता से मुक्त मानव ही मोक्ष का अधिकारी होता है. इसका जीवन्त प्रमाण देकर नन्दा जी 15 जनवरी 1998 को ब्रह्मलीन हुये थे। नन्दा जी ने भूतकाल के शुभ आचरण दर्शन का सब कुछ ग्रहण किया, इसीलिये वे वर्तमान के प्रकाश बने या प्रकाश में जिये और नये भारत का उज्जवल भविष्य बनाने वाली योजनाओं के सूत्रधार बने। इस प्रकार का यज्ञमय जीवन जी कर नन्दा जी समाज में संत पुरुष के रूप में प्रतिष्ठित हुये थे।

# शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बबेरू/बांदा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षकों के द्वारा पेयरिंग के नाम पर प्राथमिक विद्यालयो को बंद के संबंध में बबेरू विधायक को ज्ञापन सौंपा है।

बबेरू क्षेत्रीय विधायक कार्यालय में गुरुवार की दोपहर करीब 3रू30 बजे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक बबेरू व कमासिन के द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा जो हजारों विद्यालयों को पेयरिंग के नाम पर बंद किया जा रहा है। जिसमें 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालय एवं 100 से कम छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रधानाध्यापक विहीन करते हुए हजार हजारों प्रधानाध्यापको सरप्लस घोषित कर दिया गया है। जिससे पूर्व में भी एक ही परिसर में स्थित लगभग 20 हजार विद्यालयों को संविलियन करके प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के पद को समाप्त कर दिए गए हैं। वर्तमान में चल रहे मर्जर प्रक्रिया से जहां छात्रों से विद्यालय की दूरी अधिक होगी, वहीं हजारों रसोइया की सेवा भी समाप्त हो जाएगी। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी के संबंधित अधिकारियों के द्वारा प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम प्रधान व विद्यालय प्रबंध समिति पर दबाव बनाकर विद्यालय बंद करने के समर्थन में प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं। जिसके संबंध में मुख्यमंत्री के नाम बबेरू क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव को ज्ञापन सौंपकर मांग किया है। की जो उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा पेयरिंग के नाम पर विद्यालय बंद कर रहे हैं। वह प्राथमिक विद्यालयों को प्रधानाध्यापक विहीन घोषित किया गया है। उस पर रोक लगाई जाए, क्योंकि जो विद्यालय बंद किया जा रहे हैं। उन विद्यालयों के बच्चे तीन से 4 किलोमीटर दूर कैसे पढ़ने जाएंगे, यह बहुत बड़ी समस्या है। ज्ञापन देने के समय ब्लाक अध्यक्ष अजय गुप्ता, कमासिन ब्लाक अध्यक्ष आशुतोष गौतम, अमित विश्वकर्मा, शिवरतन प्रजापति, जोगेंद्र सिंह चौहान, अशोक श्रीवास,बोधराज यादव, अरुण तिवारी, रंजना यादव, आराधना तिवारी, नवनीत सिंह, अवधेश प्रजापति,शिवम सिंह, राजेंद्र सोनकर, शिवम साहू, शरिक अहमद,अरविंद कुमार, राम राज यादव, रवि कुमार, ब्रजकिशोर, श्रीधर गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अरविंद द्विवेदी, सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## एसपी ने पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का किया गया निरीक्षण

बांदा। गुरूवार को एसपी पलाश बंसल ने पुलिस कार्यालय, बांदा की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शाखाओं जन शिकायत प्रकोष्ठ, प्रधान लिपिक शाखा, रिट शाखा, जांच शाखा, आंकिक शाखा आदि के अभिलेखों, कार्य प्रणाली, साफ-सफाई एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की गहनता से समीक्षा की गई। सभी शाखा प्रभारियों को कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण एवं कार्यालय के कार्यों को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी जाना तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बन्धित आदेशित भी किया गया। कार्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष बल दिया तथा सभी कर्मचारियों से अपेक्षा की, कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे जनसामान्य को बेहतर सेवा उपलब्ध कराई जा सके।

# विभिन्न माध्यमों से धोखाधड़ी, गलत ट्रांजेक्शन का शिकार होने वालों के रूपये कराए वापस

- कुल 10 लाख 69 हजार 250 रुपये कराये गये वापस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। साइबर क्राइम पुलिस थाना व थाना तिन्दवारी पुलिस टीम द्वारा विभिन्न माध्यमों से साइबर धोखाधड़ी/गलत ट्रांजेक्शन का शिकार होने वाले 08 पीड़ितों के खाते में कुल 10 लाख 69 हजार 250 रुपये वापस कराये गये। गौरतलब हो कि विभिन्न मामलों में साइबर ठगी/गलत ट्रांजेक्शन का शिकार हुए व्यक्तियों के राशियों को वापस कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा सभी थानों को निर्देशित किया गया था। जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कालूकुआं के रहने वाले सुमित कुमार गुप्ता के साथ साइबर ठगो द्वारा शेयर बाजार में भारी मुनाफा(ट्रेंडिंग) का लालच देकर 08 लाख 10 हजार रुपए की ठगी करने, जनपद रायबरेली (हाल पता रेलवे स्टेशन के पास शहर बांदा) के रहने वाले दिनेश कुमार के साथ साइबर ठगो द्वारा शेयर बाजार में भारी मुनाफा(ट्रेंडिंग) का लालच देकर 83,270/ रुपए की ठगी करने, थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के लुकतरा के रहने वाले शांताप्रसाद के साथ साइबर ठगो द्वारा धोखे से आवेदक के बैंक खाते की जानकारी प्राप्त कर 54,998/ रुपए की ठगी करने, थाना कमासिन क्षेत्र के ममसी खुर्द के रहने वाले उमाशंकर यादव के साथ साइबर ठगो द्वारा धोखे से आवेदक के बैंक खाते की जानकारी प्राप्त कर 15,874/ रुपए की ठगी करने, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के पडुई के रहने वाले विनोद कुमार के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखे से सिम बदलकर 6,800/ रुपए की ठगी करने,थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के क्योटरा के रहने वाले तनय कुमार सिंह का ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से 29,000/ रुपये गलत ट्रांजेक्शन हो जाने के सम्बन्ध में, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के छिपटहरी के रहने वाले फिरोज खान का ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से 50,000/ रुपये गलत ट्रांजेक्शन हो जाने के सम्बन्ध में शिकायत साइबर क्राइम पुलिस थाना को प्राप्त हुए थे तथा थाना तिन्दवारी क्षेत्र के ग्राम सेमरी के रहने वाले रघुनाथ का ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से 19308/ रुपये गलत ट्रांजेक्शन हो जाने के सम्बन्ध में थाना तिंदवारी शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसके क्रम में साइबर क्राइम पुलिस तथा थाना तिन्दवारी पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्य करते हुए सभी के पीड़ितों की सम्पूर्ण राशि 10 लाख 69 हजार 250 रुपये बरामद कराई गई। सभी ने साइबर ठगी/गलत ट्रांजेक्शन की राशि वापस कराने के लिए पुलिस टीम का ह्रदय से धन्यवाद दिया।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

- इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई0एम0ए) की बांदा इकाई ने चिकित्सकों को किया सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



डॉ.मो.रफीक को सम्मानित करते राज्यमंत्री

बांदा। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर मुख्यालय स्थित एक होटल में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की बांदा इकाई के तत्वाधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। जल शक्ति राज्यमंत्री ने कहा स्वस्थ्य भारत समृद्ध भारत की परिकल्पना चिकित्सकों के बगैर संभव ही नहीं हैं। दूसरों का दुख दर्द हरने वाला भगवान के बाद यदि कोई है तो वो चिकित्सक है। चिकित्सक हम सभी के लिए आवश्यक होने के साथ साथ पूज्य भी हैं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ चिकित्सकों में डॉ0मो.रफ़ीक और डॉ0अशोक गुप्ता को जल शक्ति राज्यमंत्री ने उनके लाइफ टाइम अचीवमेंट के लिए सराहा तथा सम्मान करते हुए उनको उपहार भी दिए। इस कार्यक्रम में काव्य संगोष्ठी का आयोजन भी हुआ जिसमें प्रतिभाशाली चिकित्सकों ने स्वरचित कविताओं की श्रृंखला पेश की। इस काव्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर डा.अशोक गुप्ता, द्वितीय स्थान पर डॉ0एस0पी0सिंह और तृतीय स्थान पर डा.शबाना रफ़ीक रहीं। इन सभी चिकित्सकों का भी जल शक्ति राज्यमंत्री ने उपहार देते हुए आत्मीय सम्मान किय डा.मोनिका सक्सेना, डा.कंचन सिंह और डा.मो.रफीक जी को प्रशस्ति पुरस्कार दिए गए।

कार्यक्रम में अपने उद्बोधन के दौरान डा.शबाना रफीक ने महान चिकित्सक डा.बी.सी. रॉय की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए याद किया। आई एम ए के जिलाध्यक्ष डा.नरेंद्र गुप्ता ने महान चिकित्सक डॉ0बी.सी.रॉय के जन्मदिन पर भव्य उत्सव मनाने की बात कही। आई एम ए के सचिव डा.जे.विक्रम सिंह ने मुख्य अतिथि जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद को शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मुख्य अतिथि को भगवान बुद्ध की प्रतिमा भी भेंट की। चिकित्सक दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन पंकज रावत ने बखूबी किया।

## 25 हजार रुपये का इनामी अपराधी लखनऊ से गिरफ्तार

सफीपुर (उन्नाव)। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सफीपुर पुलिस ने एसओजी और सर्विलांस टीम के साथ मिलकर 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी को लखनऊ के कमता चौराहे से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार, ग्राम शेरपुर खुर्द, थाना सफीपुर निवासी रईस बेग (उम्र करीब 60 वर्ष) के खिलाफ 29 जून को थाना सफीपुर में मुकदमा संख्या 274/2025 दर्ज किया गया था। मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 126(2), 190, 191(2), 191(3), 308(5), 351(3), 352 बीएनएस व एससी/एसटी एक्ट की गंभीर धाराएं शामिल थीं। आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। बीते मंगलवार को पुलिस टीम ने सर्विलांस की मदद से लखनऊ के कमता चौराहा, शहीद पथ के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# हिन्दू शेर सेना के विकास हिंदू ने सवर्णो की रक्षा करने का उठाया वीणा

## उनकी अगुवाई में संदना थाने पहुंचे सैकड़ों समर्थक

- हिन्दू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू ने कहा 48 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो जिले पर होगा आंदोलन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





सीतापुर। जिले के थाना संदना क्षेत्र के आमाघाट निवासी सुदामा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिस में उन्होंने मायावती व आजाद समाज पार्टी पर अभद्र टिप्पणी की गई थी जिस के बाद भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कानून को अपने हाथों में लेकर सुदामा मिश्रा को कालर पकड़ कर सामाजिक जाति व अभद्र भाषा में गंदी गंदी गालियां देते हुए संदना थाने ले गए। जहां पर सुदामा मिश्रा ने माफी भी मांगी गई थी माफी मांगने का भी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उसके बाद भी सुदामा मिश्रा के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था।

जिसके विरोध में विकास हिन्दू की अगवाई में हिन्दू शेर सेना व बजरंग दल के सैकड़ों के करीब कार्यकर्ता संदना थाने पहुंचे। इस दौरान सुदामा मिश्रा द्वारा संदना थाने में दी गई तहरीर में कहा कि मुझे संदना थाने पुलिस के सामने धक्का मारते हुये पुलिस के सामने गाली देकर ये भी कहा की आज छोड दिया अगर फिर कुछ कहा तो जान से मार देगे, पुलिस द्वारा हस्तक्षेप करने पर प्रार्थी की जान बच पायी। समस्त ज्ञात-अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध कठोर, दण्डात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं हिन्दू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू ने कहा कि यदि 48 घंटे के अन्दर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं होती है तो सीतापुर में सवर्ण समाज के द्वारा बड़ा आंदोलन करेगा। जब तक न्याय नहीं मिल जाता। यह किसी को अधिकार नहीं है की किसी की कालर पकड़े। आप सरकार नहीं चला रहे हैं। उनके साथ में सौकड़ो लोग मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार लोडर की बस से टक्कर, दर्जनों घायल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- 13 से अधिक घायल जिला अस्पताल रेफर, गर्भवती महिला की हालत गंभीर

फतेहपुर चौरासी (उन्नाव)। ट्रक को ओवरटेक करते समय तेज रफ्तार अनियंत्रित लोडर विपरीत दिशा से आ रही सवारी बस में सीधी टक्कर हो गई वहीं पीछे से ट्रक भी दोनों वाहनों में भिड़ गया।दुर्घटना में बस मार्ग पर ही पलट गई। जिससे दर्जनों सवारिया घायलों हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से एक दर्जन से अधिक घायलो को जिला अस्पताल रेफर किए जाने की सूचना है।

सफीपुर की तरफ से बांगरमऊ की तरफ मुर्गी का दाना लादकर जा रहा तेज रफ्तार लोडर गुरुवार दोपहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत उन्नाव हरदोई मार्ग पर पीटीसी एवं ग्राम माथर के बीच स्थित दूध डेयरी के समीप आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करते समय बागरमऊ से उन्नाव की तरफ जा रही सवारी बस से टकरा गया। दुर्घटना में ट्रक चालक भी अपना नियंत्रण खो बैठा तथा ट्रक भी दोनों वाहनों से टकरा गया। दुर्घटना में सवारी बस अनियंत्रित होकर हरदोई उन्नाव मार्ग पर पलट गई जिससे लोडर के चालक व परिचालक सहित बस में सवार दर्जनों सवारियां घायल हो गई। बताया जाता है कि दुर्घटना के समय बस में 25 से 30 सवारियां सवार थी। हरदोई उन्नाव मार्ग पर बस पलटने से मार्ग के दोनो तरफ पर काफी दूर तक जाम लग गया। सूचना पर पहुंची फतेहपुर चौरासी थाना पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से अनीता 19 पुत्री गजराज खेरेलपुरवा बिलग्राम, आमिर 12 पुत्र राजू निवासी गंज, शकीला 35 पत्नी पप्पू गंज मुरादाबाद, लोडर परिचालक पियूष 18 पुत्र गोविंद कृष्णानगर उन्नाव, ल छोटेलाल, पलक 7 पुत्री अमित मद्दू खेड़ा, गुलाब 18 पुत्र रामसनेही सुकुरी थाना गुरुबक्स गंज जनपद रायबरेली, रोशन 29 पुत्र राजकुमार दरौली आदि को सफीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा।

# सीडीओ कृति राज ने किया एसबीसीसी कैंपेन का शुभारंभ

- 268 गांवों में मोबाइल वैन के जरिए चलेगा परिवार नियोजन का प्रचार
- पोस्टर, फिल्म, जिंगल्स और काउंसलिंग के माध्यम से बढ़ेगी जन-जागरूकता

उन्नाव। किशोरियों की जल्द शादी और समय से पहले मातृत्व की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में 'इतनी भी क्या जल्दी है?' नामक एसबीसीसी अभियान का शुभारंभ हुआ। इस अभियान को मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की बैठक में लॉन्च किया।


स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से संचालित उम्मीद परियोजना के तहत यह अभियान जनपद के 8 ब्लॉकों में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य है ऽ सही उम्र में विवाह, पहले बच्चे में देरी, बच्चों के बीच अंतराल और आपातकालीन गर्भनिरोधक का सही उपयोग जैसे विषयों पर समाज में संवाद कायम करना।

लॉन्च कार्यक्रम में पोस्टर, लघु फिल्में और जिंगल्स जारी किए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि समाज में यह सवाल जरूरी है ऽ बच्चों की शिक्षा रोककर शादी की इतनी भी क्या जल्दी है? उन्होंने सभी विभागों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं और विभागीय स्तर पर इस सामग्री को प्रचारित करें। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जे.आर. सिंह ने बताया कि जुलाई से सितंबर 2025 तक तीन महीनों में नवाबगंज, बिछिया और पुरवा ब्लॉकों के 150 गांवों में मोबाइल वैन के माध्यम से यह अभियान चलाया जाएगा। वैन पर लगी स्क्रीन के माध्यम से फिल्में दिखाई जाएंगी, जिंगल्स प्रसारित होंगे, और आशा कार्यकर्ता परिवार नियोजन के साधनों का वितरण करेंगी। साथ ही वैन में मौजूद प्रशिक्षित काउंसलर मौके पर परामर्श देंगे। प्रश्नोत्तरी में सही उत्तर देने वालों को पुरस्कार भी दिए जाएंगे। राज्य प्रतिनिधि शिल्पा नायर ने बताया कि उम्मीद परियोजना के तहत सात जनपदों के 50 चयनित ब्लॉकों में काउंसलिंग कॉर्नर स्थापित किए गए हैं और आशा/एएनएम को प्रशिक्षण देकर उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि की जा रही है। मोबियस फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने कहा कि पर्यावरणीय असंतुलन और सीमित संसाधनों के बीच जनसंख्या नियंत्रण आज की आवश्यकता है, और इसमें परिवार नियोजन अभियान अहम भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह, परिवार कल्याण महानिदेशालय के डॉ. अमित सिंह और डॉ. अश्विनी कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक सिन्हा, जिला कार्यक्रम अधिकारी इंतजार अहमद सिद्दीकी, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय सहित शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, ग्राम्य विकास, एनआरएलएम आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कैंसर से मृत युवक के परिवार को चौरसिया महासभा ने दी आर्थिक सहायता

पुरवा (उन्नाव)। तहसील पाटन के गांव मझिगवां (धानीखेड़ा) निवासी सुरेश चौरसिया की कैंसर से हुई मृत्यु के बाद उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई थी। इस स्थिति की जानकारी मिलते ही भारतीय चौरसिया महासभा के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को पीड़ित परिवार से भेंट कर उन्हें आर्थिक सहयोग प्रदान किया तथा बच्चों को पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया। मार्च 2025 में सुरेश चौरसिया का कैंसर से निधन हो गया था। उनके परिवार में पत्नी पूनम देवी, 13 वर्षीय बेटा शिवा चौरसिया और 8 वर्षीय बेटी शिवांशी चौरसिया हैं। परिवार के पास आजीविका का कोई स्थायी साधन नहीं है। सूचना मिलते ही भारतीय चौरसिया महासभा के जिलाध्यक्ष शिवम चौरसिया ने गांव पहुंचकर स्थिति का जायज़ा लिया। इसके बाद संगठन के पदाधिकारियों ने आर्थिक सहयोग एकत्र कर परिवार को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई। बच्चों को कपड़े और घरेलू सामग्री भी भेंट की गई। इस दौरान दिवंगत सुरेश चौरसिया को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

# आई टी आई व पालीटेक्निक छात्रों के प्लेसमेंट में ध्यान देने की जरूरत





राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुलगी द्वारा बृहस्पतिवार को कार्यालय कक्ष प्रधानमंत्री इंटर्नशिप अयोजन के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें पालीटेक्निक छात्रों व आई टी आई के छात्रों के प्लेसमेंट पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जिससे छात्र छात्राओं का प्लेसमेंट हो सके। बैठक में जिलाधिकारी ने पॉलिटेक्निक कॉलेज व आई0टी0आई0 के प्रधानाचार्य से कहा कि शिक्षकों के व्यवहार परिवर्तन का समुचित प्रशिक्षण डायट में दिलवाया जाय। ट्रेड वार एवं सेमेस्टर वार शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाय तथा पॉलिटेक्निक एवं आई0टी0आई0 कॉलेज में नकल विहीन व निष्पक्ष तरीके से परीक्षा कराई जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि पालीटेक्निक कालेज व आई टी आई कालेज का आकस्मिक निरीक्षण कराया जायेगा तथा खामियां पाये जाने पर सम्बंधित के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने महामाया पालीटेक्निक कालेज के प्रधानाचार्य का एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# मैं भद्रशीला-मेरी भगीरथ ने सुन ली पीर, अब आंचल में बहेगा नीर।

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- भैंसी नदी के बाद अब भद्रशीला नदी के बहुरेंगे दिन
- समाजसेवियों की पहल पर जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान



शाहजहांपुर। में भद्रशीला हू,--- मेरे भी भाग जाग उठे हैं। भैंसी की तरह हमे में भी नया जीवन मिलेगा। जानते हैं क्यों, हमें भी भगीरथ मिल गए हैं। उनका नाम है धमेंद्र प्रताप सिंह, वह जिलाधिकारी हैं शाहजहांपुर के। आज यानी गुरुवार तीन जुलाई को वह लोकभारती के स्वयंसेवकों संग हमारी दशा देखने आ रहे हैं। हमारे आंगन उनके आगमन मात्र से अब विश्वास हे कि अब हमें कोई मुझे ठांठ, बांझ नहीं कह पाएगा। मैं फिर से आंचल के निर्मल, अविरल जल से असंख्य जीवों को जीवनदान दे सकूंगी। उनकी प्यास बुझा सकूंगी। अगणित वृक्षों को भरपूर स्पंदन देने की सामर्थ्य होगी। इसलिए आज का दिन हमारे लिए इठराने, इतराने का है। हो भी क्यों न, हमारी सहेली भैंसी को नया जीवन मिल गया है। कालचक्र का ऐसा पहिया घूमा कि अब हमारी भी जिलाधिकारी ने पीर सुन ली।

मुझे याद है कि जब 15 जून 2020 को एक समाचार पत्र के जिला संवाददाता में संवाददाता ने हमारी पीडा को नीर बिना मैं नदी अभागन शीर्षक से दर्शाया था। तब लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री ब्रजेंद्र पाल सिंह, नदी प्रांत प्रमुख डॉ विजय पाठक तथा उनकी टीम ने हमें सहारा दिया। संजय उपाध्याय, अखिलेश पाठक, संतोष सिंह, गांधी जी समेत बडी संख्या में संस्था के स्वयंसेवकों ने पदयात्रा कर हमारी दशा देखी। हमारे आंचल में नमी का अहसास कराने वाले कुओं को साफ कराया। जिस स्कंद पुराण में हमारे गौरवशाली अतीत का वर्णन है, सत्यनारायण की कथा के माध्यम से उसका गुणगान किया गया। प्रत्येक सोमवार को हमारी जय जयकार करते हुए जब भक्त जाते तो तब मुझे लगता था कि जल्द ही नया जीवन मिल जाएगा, लेकिन जाने क्यों पांच साल इंतजार करना पडा। कहते है न देर आय दुरुस्त आए, कोई नही। मेरी सहृदयता, नम्रता देख त्रऋषि मुनियों ने जो मुझे भद्रशीला नाम दिया था, वह फिर से सार्थक हो रहा। अब लोग मुझे भरगुदा, नहीं भद्रशीला के नाम से ही पुकारेंगे। हमारे आंचल पेड लगेंगे। उनकी हरियाली से लोगों को आनंद की अनुभूति होगी। असंख्य जीवों को फिर से आश्रय मिलेगा। लोग हमारे आंगन में ही सत्यनरायण व्रत की कथा श्रवण कर सकेंगे। जमदग्नि आश्रम और भगवान परशुराम का गुरुकुल को भी नया स्वरूप मिलेगा--- ऐसा मुझे विश्वास है।

## 100 किमी तक है मेरा विस्तार

जानते हैं मेरा उदभव बरेली की सीमा से हैं। करीब सौ किमी की छोटी यात्रा से मैं खुदागंज, तिलहर, कंाट, मदनापुर होती हुई ब्लाक जलालाबाद रामगंगा में समाहित होकर मैं गंगा में विलीन हो जाती हूं। अभी बरसात के दिनों में ही मेरी प्यास बुझती थी, मैं सरस सलिला से गौरवान्वित होने के बावजूद नीर बिना मैं अभागिन नदी थी, लेकिन अब मैं मुझे प्राण उर्जा मिलने वाली है। जब हमें हमारा पूर्व स्वरूप व विस्तार मिल जाएगा तो भूगर्भ जलस्तर भी सुधरेगा। उद्गम से संगम तक गांव के लोगों की फसलों को मैं पानी भी दे सकूंगी।

## वट वृक्षों का बढ़ेगा परिवार, बंद पड़े कुओं का भी उद्धार

भद्रशीला को नया जीवन मिलने से कुओं का भी उद्धार होगा। हरिशंकरी के रोपण से हरियाली बढ़ेगी। भैंसी नदी के किनारे शुरुआत हो चुकी है। खास बात यह है कि परशुराम नगरी के रूप में प्रतिष्ठित हो चुके जलालाबाद में जब लोग दर्शन को आएंगे तो वह भद्रशीला किनारे स्थित भगवान परशुराम के गुरुकुल को भी देख सकेंगे। इ्रजके महत्व इसलिते है क्योंकि यह भीष्म पितामह भी यही पढ़े। कर्ण ने भी शिक्षा पाई थी। ऊंचा सा टीला देखकर आप हमारा महत्वं जान सकते है। अज्ञातवाश में पांडवो ने यहां शस्त्र छिपाए थे।लेकिन अब सामाजिक एकरूपता और प्रशासन की सहभागिता से पतित पावनी भैंसी नदी अपने पुराने स्वरूप में जल्द ही नजर आएंगी।क्योंकि इस बार प्रशासन भी चाह रहा है कि पुराने अस्तित्व को पुनः अपने स्वरूप में लाया जाए।

# अमितेष के काव्य संग्रह 'निर्वाण के दीप-का विमोचन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। अजीत कुमार आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल, बाँदा द्वारा जनपद महोबा में ए.डी.एस.टी. ओ. के पद पर कार्यरत मुकेश कुमार (आनंद अमितेष) के द्वितीय काव्य संग्रह ष्निर्वाण के दीपष का विमोचन आयुक्त सभागार, बाँदा में किया गया; आनंद अमितेष उत्तर प्रदेश के जनपद अलीगढ़ के मूल निवासी हैं। उनकी यह पुस्तक भारत के मशहूर प्रकाशक मंजुल पब्लिशिंग हाउस, भोपाल से प्रकाशित होकर मार्केट में आई है जो एमेज़ॉन पर उपलब्ध है।

आनंद अमितेष की प्रथम पुस्तक जल उठे चराग़ भी एक अन्य बड़े प्रकाशक राजकमल समूह के लोक भारती प्रकाशन, इलाहबाद से व प्रकाशित हुई जिसकी भूमिका स्व. पद्मश्री एवं महाकवि गोपालदास नीरज ने स्वयं लिखी। अमितेष स्वयं को सौभाग्यशाली मानते कि नीरज जी के जीवन के अंतिम दिनों में वे उनके बेहद निकट रहे। ष्निर्वाण के दीपष के विमोचन के समय उन्होंने नीरज जी से मिले प्रेम और स्नेह को याद किया।

अपनी द्वितीय पुस्तक ष्निर्वाण के दीपष के काव्य के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि ध्यान की गहरी स्थिति में प्रार्थना पूर्ण ह्रदय से अनुग्रह की दशा में काव्य के रूप में जो भाव अभिव्यक्त हुए, उन भावों को उन्होंने काव्य के रूप में अभिव्यक्ति दी है। उन्होंने बताया कि समय की दो धाराऐं मानी जाती हैँ, एक होरीज़ोंटल और दूसरी वर्टिकल।मन सदैव समय की होरीज़ोंटल धारा में ही जीता है। इसलिए हमने समय को भी अतीत, भविष्य और वर्तमान तीन भागों में विभक्त किया है और समय को विभक्त करके जीने से ही जीवन के कैदखाने निर्मित होते हैँ। लेकिन समय की जो वर्टिकल धारा है वहां न अतीत होता है और न भविष्य होता है, वहां अविछिन्न रूप से केवल वर्तमान ही रहता है। ध्यान की गहन भाव दशा में ज़ब हम अपने ही मन का अतिक्रमण करते हुए समय की वर्टिकल में प्रवेश करते हैँ तब हमें जीवन की शाश्वतता का बोध होता है; अंजान शिखरों से अपने ही अमरत्व की कोई ख़बर मिलनी प्रारम्भ होती है। वहीं हमें परमात्मा के अनुभव की प्रतीती होती है। केवल उन भाव दशाओं में प्रवेश के उपरान्त ही ष्निर्वाण के दीपष जैसा काव्य संग्रह जन्म लेता है। उनके द्वारा लिखी हुई दोनों ही पुस्तकों ने काव्य की ऊंचाईयों एवं पाठकों के ह्रदय को गहराई से स्पर्श किया है।

# स्वच्छ जल मिशन योजना में लगा भ्रष्टाचार का दीमक

- शिवपुर में निर्माणाधीन पानी की टंकी में जंग लगी सरिया का उपयोग, गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





धौरहरा खीरी। जनपद के ईसानगर विकासखंड के मजरा शिवपुर में निर्माणाधीन पानी की टंकी एक बार फिर सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रही है। टंकी के निर्माण में जंग लगी सरिया के प्रयोग का मामला सामने आने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुँचकर निर्माण कार्य का विरोध करते हुए ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण स्थल पर उपयोग की जा रही सरिया पर साफ तौर पर पुराना जंग लगा हुआ है, जिसे देख कर यह अनुमान लगाना कठिन नहीं कि निर्माण की नींव ही कमजोर डाली जा रही है। ऐसे में भविष्य में यह टंकी एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। गौरतलब है कि महज एक महीने पहले, ईसानगर क्षेत्र के ही शेखपुर गांव में बनी पानी की टंकी धराशायी हो गई थी। जिससे जनहानि नहीं हुई परन्तु किसानों की खडी फसले डूब गई थी। उस घटना से लोग अभी उबरे भी नहीं थे कि अब शिवपुर में निर्माणाधीन टंकी की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। लगातार घटिया निर्माण और लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का विरोध और आरोपः मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने ठेकेदार की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। लोगों का कहना है कि ठेकेदार व संबंधित विभागीय अधिकारी सिर्फ कमीशनखोरी में लिप्त हैं और निर्माण की गुणवत्ता से कोई सरोकार नहीं रखते। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द जांच कर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। प्रशासन से मांगः ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदारों व अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की नियमित जांच होनी चाहिए ताकि जनता की मेहनत की कमाई से बने ये ढांचे सुरक्षित और टिकाऊ हों। शिवपुर में निर्माणाधीन टंकी ठेकेदारो द्वारा प्रशासन के जिम्मेदारों की बड़ी लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि कैसे जनहित की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं। यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो ऐसी घटनाएं लोगों की जान और भरोसे दोनों को खतरे में डाल सकती हैं। ग्रामीणों की सजगता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि अब जनता चुप बैठने वाली नहीं।

# धौरहरा में बाढ़ का फुल अलर्ट मोड



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- एडीएम ने शारदा-घाघरा कटान क्षेत्र का किया निरीक्षण, अफसरों को दिए कड़े निर्देश

लखीमपुर खीरी। बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क मोड में आ गया है। गुरुवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने एसडीएम शशि कांत मणि के साथ तहसील धौरहरा के अंतर्गत घाघरा एवं शारदा नदी के कटान प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कटान रोधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अफसरों को सख्त हिदायत दी कि काम में कोई कोताही न बरती जाए और निर्माण की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता हो। एडीएम ने जसवंतनगर व हसनपुर कटौली बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मडवा, मिर्ज़ापुर सरैया, रुद्रपुर सालिम गांव के कटान क्षेत्र का निरीक्षण कर कटावरोधी कार्यों को भी परखा और तेजी से कार्य पूरा करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान एडीएम ने एसडीएम को निर्देशित किया कि गांववासियों के साथ प्रभावी कम्युनिकेशन प्लान तैयार करें, जिससे आपातकालीन स्थितियों में सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान संभव हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि बाढ़ चौकियों को पूरी तरह एक्टिव मोड में रखें और हर बदलाव की रियल टाइम रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। एडीएम ने बाढ़ खंड को निर्देशित करते हुए कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। कटाव रोधी कार्य समयबद्ध और ठोस हों। यही प्राथमिकता है।

# डॉ. विश्वनाथ तिवारी ने चौथी बार आयरनमैन चैंपियनशिप पूरी की



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल में कार्यरत ऑन्को सर्जन डॉ. विश्वनाथ तिवारी ने आयरनमैन फ्रैंकफर्ट यूरोपियन चैंपियनशिप 2025 में अपना चौथा आयरनमैन चैंपियनशिप खिताब पूरा करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस प्रतिष्ठित स्पर्धा को दुनिया की सबसे कठिन खेल गतिविधियों में से एक माना जाता है, जिसमें 3.86 कि.मी. तैराकी, 180 कि.मी. साइकिलिंग और 42 कि.मी. दौड़ शामिल है, जो सभी 15 घंटे के भीतर पूरी की जाती है। डॉ. तिवारी ने इस चुनौती को 14 घंटे और 3 मिनट में पूरा किया।

भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, डॉ. तिवारी ने बड़े गर्व के साथ राष्ट्रीय ध्वज के साथ आयरनमैन के रेड कार्पेट पर शानदार एंट्री की। उनकी यह उपलब्धि न केवल एक व्यक्तिगत जीत है, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। डॉ. तिवारी की उपलब्धि उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि से कहीं बढ़कर है । उनका मानना है कि नियमित खेल गतिविधियों से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मस्तिष्क और हृदय संबंधी स्ट्रोक और कई प्रकार के कैंसर जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों को रोकने में मदद मिलती है । अपने शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर, डॉ. तिवारी समाज के लिए एक आदर्श के रूप में कार्य करते हैं और एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देते हैं तथा दूसरों को भी ऐसी ही जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित भी करते हैं। डॉ. तिवारी ने अपनी आयरनमैन चैंपियनशिप भारतीय रेलवे और भारत के लोगों को समर्पित की, जो राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## खाद की कालाबाजारी पर प्रशासन का बड़ा प्रहार : 300 छापे, 15 दुकानों के लाइसेंस रद्द

लखीमपुर खीरी। जिले में खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। सीडीओ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में कृषि विभाग की टीमों ने अब तक 300 से ज्यादा छापेमारी कर दी हैं। जांच के दौरान 70 नमूने लिए गए, 25 दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस भेजे गए और 13 दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। वहीं, 15 दुकानों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि एक विशेष कार्रवाई में एक गोदाम को सील किया गया, जहां अवैध भंडारण की पुष्टि हुई। मामले में कालाबाजारी से जुड़े एक व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों से किसी भी स्तर पर खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिए हैं कि कृत्रिम संकट पैदा करने वालों के खिलाफ बिना रियायत कठोर कार्रवाई की जाए।

# समाजवादी पार्टी के सांसद उत्कर्ष वर्मा ने जनता दरबार लगाकर सुनी क्षेत्र की समस्याएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



पलियाकला खीरी। पलिया विधानसभा क्षेत्र के बांकेगंज ब्लॉक में संसारपुर डॉ मुकेश वर्मा के आवास पर खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा जनता दरबार लगाकर सुनी क्षेत्र की समस्याएं। कस्बे के समाजसेवी मोहम्मद फैज और मुकर्रम अली ने बिजली विभाग द्वारा की जा रही अवैध कटौती का मुद्दा उठाया उन्होंने 6 घंटे से अधिक से रोस्टिंग की शिकायत की सांसद ने बिजली अधिकारियों से इस मामले में तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों ने दो प्रमुख मांगे रखें पहले संसारपुर बांकेगंज रोड को कस्बे से हटाकर बाईपास बनाने की और दूसरी नेशनल हाईवे पर स्ट्रीट लाइट जलवे जाने की मांग की इसके अलावा महावत जाति के ग्रामीणों ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही परेशानियों के बारे में बताया सांसद उत्कर्ष वर्मा ने संबंधित अधिकारियों से बात कर इन समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। जनता दरबार में आए हुए ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद उत्कर्ष वर्मा भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार के अलावा और कुछ नहीं है प्रशासन बेलगाम हो चुका है। रिश्वतखोरी चरम सीमा पर है। डबल इंजन सरकार विकास के नाम पर शून्य साबित हो रही है। देश व प्रदेश के मुखिया सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें कर वह वाही लूटने में अपनी तारीफ समझ रहे हैं जबकि जनता सब देख रही है। यही जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में वोट की चोट करके इनको सरकार से बाहर करने का काम करेगी। प्रदेश की जनता मन बन चुकी है 2027 के विधानसभा के आम चुनाव में पीडीए के जननायक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री देखना चाहती है। इस मौके पर मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी प्रीतेंद्र सिंह कक्कू नरेश यादव सांसद प्रतिनिधि अशोक वर्मा जिला उपाध्यक्ष रोहित वर्मा वसीम खान अरविंद यादव अमर सिंह आलोक वर्मा अर्जुन अर्कवंशी प्रदीप भार्गव अवधेश कुमार वीरेंद्र कुमार सिकंदर अली अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# संचारी रोगों के प्रति जागरूकता हेतु न0पा0 द्वारा चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। संचारी रोगो के प्रति जागरूकता लाने हेतु नगर पालिका द्वारा 3 जुलाई गुरुवार से चलाया गया हस्ताक्षर अभियान। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा बताया गया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलेगा । इस अभियान में व्यापक सफाई अभियान चलेगा कीटनाशक दवाओं का स्प्रे कराया जाएगा।

इस अवसर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा,वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, लिपिक मोहित अवस्थी पूर्व सभासद श्रीकांत तिवारी, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार ,मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा,लवकुश अवस्थी,सुरेन्द्र कुमार, विमलेश वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## घास काटने गये 10 बर्षीय बच्चे की हिंसक जानवर के हमले से दर्दनाक मौत

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला थाना क्षेत्र के गांव खम्हौल में बुधवार दोपहर 2 बजे घास काटने गये 12 बर्षीय बच्चे की अज्ञात जंगली जानवर के हमले से दर्दनाक मौत हो गई।ग्रामीणों की काफी खोजबीन के बाद मिले शव को गोला पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। जानकारी के अनुसार खम्हौल गांव निवासी बारह बर्षीय सलमान पुत्र रवी उर्फ सरदार खां पालतू व परिवार की कमाऊ घोडी के लिए घर से दोपहर दो बजे भूँखे पेट अकेला घास काटने गया था।सलमान जब शाम तक घर नही आया तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की, तमाम ग्रामीणों की मदद से काफी खोजबीन की गई। सलमान का शव करीब रात्रि 11 बजे रहमान ईंट भठ्ठे के पीछे कच्ची ईंटों के फड़ से मिला था शरीर पर किसी वन्यजीव के दाँतो के अनगिनत निशान मिले थे जिससे सलमान की मौत हो गई।परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुँची गोला थाने की पुलिस व वन विभाग की टीम ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नगर के सदर चौराहा स्थित इंदिरा पार्क में अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे विकलांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर के इंदिरागांधी पार्क में बारिश एवं तप्ती धूप में अपनी मांगों को लेकर निश्चित कालीन धरना पर बैठ विकलांगों का आज धरना का तीसरा दिन होने के उपरांत भी प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी मांगों पर संज्ञा ना लेना प्रतीत होता है। तहसील गोला के अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि हम सभी लोग जिलाधिकारी महोदया को दिनांक सात सूत्रीय मांगों को लेकर 18/06/2025 को ज्ञापन सौंपा था जिसमें अभी तक कोई जवाब नहीं मिला। इसी सम्बन्ध में हम सारे दिव्यांग भाई धरने पर बैठ हैं। लेकिन संबंधित अधिकारी व जन प्रतिनिधियो द्वारा हमारी उचित मांगों को देखा अनदेखा किया जा रहा हैं। अभी तक न ही कोई अधिकारी और न ही कोई कर्मचारी हमारी सुध लेने आया है। दिव्यांग नारेबाजी करते हुए अपनी मांगे उठा रहे हैं। तहसील अध्यक्ष ने कहा कि अंतोदय राशन कार्ड बनाने में दिव्यांगों को कोई भी प्राथमिकता नहीं दी जा रही है जिससे दिव्यांगजन काफी परेशान है दिव्यांगजन को मुद्रा ऋण में कोई प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। दिवंग जनो को देखकर बस चालको द्वारा बसो को न रोकने से दिवंग जन सम्मान पूर्वक यात्रा ना कर पाने से अपने को असहाय महसूस करते हैं। सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए दिव्यांगों को अनदेखा किया जाता है जिससे दिव्यांगजनों को काउंटर अलग से बनाया जाए। और बताया की कोई भी अधिकारी दिव्यांगों की बात सुनने को तैयार नहीं होता है। दिव्यांगजन आरक्षण के आधार पर मंडी समितियां में लाइसेंसधारी दिव्यांग भाई बहन को आरक्षण का लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। भूमिहीन दिव्यांग भाई बहनों को ग्राम समाज व नवीन परती भूमि का आवासीय पट्टा किया जाए। उपरोक्त मांगों पर एक सप्ताह के अंदर विचार कर समाधान नहीं किया गया तो व्यथित दिव्यांग भाई बहन अपनी-अपने ट्राई साइकिलों व मोटरराइजिल्ड साइकिल आदि से पहुंच कर जिलाधिकारी महोदया के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसके लिए जिला प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा। धरने पर बैठ कर गोला तहसील अध्यक्ष विकास कुमार , रियाजुद्दीन सभासद , हरीश कुमार , शाहित सैकड़ो भारतीय दिव्यांग यूनियन के बैनर तले धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

# अजान कस्बे में मोबाइल नेटवर्क बदहाल

- बीएसएनएल जिओ टावर बना उपभोक्ताओं की परेशानी का कारण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। डिजिटल इंडिया के दौर में भी गोला तहसील के अजान कस्बे और आसपास के दर्जनों गांव नेटवर्क समस्या से जूझ रहे हैं। यहां बीएसएनएल और जिओ टावर की हालत बद से बदतर बनी हुई है। कस्बे में मौजूद टावर बिजली पर ही निर्भर है और बिजली न होने की स्थिति में संपूर्ण मोबाइल सेवा ठप हो जाती है। टावर में जनरेटर होने के बावजूद उसे चलाया नहीं जाता, जिससे उपभोक्ताओं को नेटवर्क और इंटरनेट सेवा दोनों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि टावर की रेंज इतनी कमजोर है कि घर के अंदर मोबाइल नेटवर्क मिलना मुश्किल है। बात करने के दौरान आवाज कट जाती है या कॉल ही नहीं लगती। इंटरनेट की स्पीड इतनी धीमी है कि 4जी और 5जी सेवा का लाभ उठाना नामुमकिन हो गया है। ऑनलाइन पढ़ाई, बैंकिंग, दस्तावेज भेजना जैसे जरूरी काम बाधित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शुरुआत में जिओ की सेवा अच्छी थी, जिस कारण उन्होंने अन्य कंपनियों से नंबर पोर्ट करवा लिए थे, लेकिन अब स्थिति उलट हो गई है। वर्षों से लगातार शिकायतों के बाद भी न तो रेंज की क्षमता बढ़ाई गई है और न ही जनरेटर को चालू किया गया है। यह समस्या सिर्फ अजान कस्बे तक सीमित नहीं है। बगहा, कोरैया, सुहेला, इमलिया, काना खेड़ा, परसेडिया, शहाबुद्दीनपुर जैसे आसपास के कई गांव भी इसी टावर पर निर्भर हैं और नेटवर्क संकट से त्रस्त हैं। ग्रामीणों ने बीएसएनएल और जिओ कंपनियों से टावर की तकनीकी खामी को तत्काल दूर करने, रेंज बढ़ाने और जनरेटर को चालू करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र की मोबाइल और इंटरनेट सेवा बहाल हो सके।

# रेल लाइन बचाने के लिए युद्धस्तर पर जारी है कार्य, नहीं थम रहा रिसाव

- रेलवे, एसएसबी व गुरूद्वारे की संगत के साथ ग्रामीणों ने भी संभाला मोर्चा
- कार्य में लगे लोगों की सेवा करने पहुंचे कांग्रेस नेता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



पलियाकलां खीरी। पलिया भीरा के बीच अतरिया क्रासिंग के पास शारदा नदी के बाढ़ के पानी से रेल लाइन ने नीचे हुए रिसाव को रोकने के लिए बुधवार को भी सैकड़ों की संख्या में संगत, रेल कर्मी, एसएसबी जवानों के साथ ग्रामीण भी मौके पर मरम्मत के कार्य में सेवा करते नजर आए। कार्य में लगे लोगों के बीच कांग्रेस नेता बलराम गुप्ता और पार्टी के पूर्व चेयरमैन पद के प्रत्याशी मोइन अहमद जावेदी पहुंचे और उनमें खाद्य व प्रेय सामग्री की सेवा की। इस दौरान उन्होंने मरम्मत के कार्य में भी सेवा दी। तराई में दो दिन तक हुई मूसलाधार बारिश के साथ बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी के बाद रविवार को अतरिया रेलवे क्रासिंग तक शारदा नदी का पानी आ जाने के कारण रेल ट्रैक के नीचे से रिसाव शुरू हो गया था। रिसाव रोकने के लिए रेलवे व आसपास के ग्रामीणों ने प्रयास शुरू कर दिया था। रात भर काम चलता रहा और श्रमिक बोल्डर डालते रहे, पर रिसाव बंद नही हो सका है। जिस जगह पर पहले रिसाव हो रहा था उस जगह पर बोल्डर व मिट्टी डालकर रोक दिया गया, पर पानी उसके बगल में दूसरी जगह से रिसने लगा था। इधर दिन भर हुई बारिश के कारण मरम्मत कार्य में भी व्यवधान पड़ा फिर भी कार सेवक डटे रहे। रेल महकमा मरम्मत को लेकर संजीदा तो है पर काम में वह तेजी नहीं है जो होनी चाहिए थी। रेल ट्रैक से पानी का रिसाव न रुकने के कारण ग्रामीणों को बाढ़ की आशंका सता रही है। उनका कहना है कि बाढ़ तो बाद में आएगी यदि पानी का रिसाव नहीं रुका तो इस पानी से ही फसलें बर्बाद हो जाएंगी। इसलिए ग्रामीण जी जान लगाकर रिसाव रोकने को कार सेवा कर रहे है। मंगलवार को रेलवे, सेवादारों के साथ एसएसबी 39वीं के कमांडेंट रविन्द्र कुमार राजेश्वरी की अगुवाई में बड़ी संख्या में जवानों ने मौके पर पहुंचकर श्रमदान में जुट गए थे। इसी बीच मंगलवार को मटेरियल की होने पर सेवादारों ने अतरिया क्रासिंग के पास जाम लगाते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया था। जाम की सूचना पर एसडीएम रत्नाकर मिश्रा और सीओ यादवेन्द्र यादव मौके पर जा पहुंचे थे और बुधवार की सुबह मरम्मत के कार्य में आने वाले मटेरियल को बुधवार सुबह उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया था जिसके बाद सेवादार माने और जाम खुल सका था। बुधवार की सुबह मटेरियल आते ही सैकड़ों की संख्या में मौजूद सेवादारों ने कार्य को एक बार फिर युद्धस्तर पर शुरू कर दिया। कार्य में लगे लोगों के बीच कांग्रेस नेता बलराम गुप्ता और पार्टी के पूर्व चेयरमैन पद के प्रत्याशी मोइन अहमद जावेदी भी मौके पर जा पहुंचे और उनमें खाद्य व प्रेय सामग्री की सेवा की। इस दौरान उन्होंने मरम्मत के कार्य में भी अपनी सेवा दी।

## जिले से किसी भी अधिकारी के न पहुंचने पर उठ रहे सवाल

रविवार को शारदा नदी के पानी से रेल लाइन में हुए रिसाव के बाद आक्रोशित किसानों ने रोड जाम की थी। सूचना पर एसडीएम, सीओ व तहसीलदार आदि अधिकारी पहुंचे थे जिनके आश्वासन के बाद रोड जाम बहाल हो गया था। प्रशासन के अनुरोध के बाद महंगापुर गुरूद्वारे के संत बाबा गुरनाम सिंह की मौजूदगी में पहुंची संगत लगातार चौथे दिन भी सेवा में कार्य में जुटी हुई है। खास बात तो यह है कि कार्य के चार दिन बीत जाने के बाद भी जिले के किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर जाना तक उचित नहीं समझ सका जिससे लोगों में रोष नजर आ रहा है।

# सुतिया नाले में डूबकर युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

पलियाकलां खीरी। सम्पूर्णानगर के सिंगाही खुर्द से नेपाल में फ़ेरी करने जा रहे युवक की पानी में डूबकर मौत हो गई। अचानक हुई युवक के मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम की स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। सिंगाही खुर्द निवासी वीर पाल 35 वर्ष रोजाना जरूरत का सामान लेकर नेपाल फ़ेरी करने जाता था। मृतक के पुत्र गौरव ने बताया कि मंगलवार को भी उसका पिता साइकिल से आम बेचने नेपाल गया हुआ था। बताया कि जब रात को वह घर नही पहुंचे तो परिजनों को उसकी चिंता हुई और उन्होंने कोतवाली में पहुंचकर गुमशुदगी की तहरीर दी। बताया जाता है कि बुधवार सुबह जब ग्रामीण मछली का शिकार कर रहे थे तभी उनके जाल में एक साइकिल फस गई जिसे ग्रामीणों ने बाहर निकाला तो पता चला कि वह साइकिल गुमशुदा वीरपाल की थी।ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना प्रभारी कृष्ण कुमार को दी। सूचना पर कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से ग्रामीण की तलाश शुरू कराई। मामले की सूचना एनडीआरएफ टीम को दी गई। सूचना पर पहुंची टीम ने ग्रामीण की तलाश शुरू की। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने ग्रामीण का शव टीम बरामद कर सकी। अचानक हुई ग्रामीण की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति की गुमशुदगी की तहरीर प्राप्त हुई थी। व्यक्ति की साइकिल सुतिया नाले में मिलनी बताई गई। सूचना पर एनडीआरएफ टीम को लगाया गया। ग्रामीण का शव टीम ने बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पेड़ से बाइक टकराने से युवक की मौत

अजान खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दशरथपुर के पास पेड़ से बाइक टकरा जाने से बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। हॉस्पिटल लाने की व्यवस्था की गई तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लन्दनपुर ग्रंट के ग्राम झाऊपुर निवासी रघुनंदन का 19 वर्षीय पुत्र आशीष अपने ननिहाल जड़ौरा से देर रात्रि बाइक से घर वापस आ रहा था। तभी दशरथपुर के पास असंतुलित होकर उसकी बाइक किसी पेड़ में जा टकराई परिणामस्वरूप वह हादसे का शिकार हो गया।एसओ प्रवीर कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# जीत की हैट्रिक लगाकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली टी20 श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत

एजेंसी

लंदन। पहले दो मैच को सहजता से अपने नाम करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस समय शानदार फॉर्म में है। उसने पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से हराया तथा उसके बाद ब्रिस्टल में 24 रन से जीत दर्ज की जो इंग्लैंड की महिला टीम की इस मैदान पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पहली हार थी। इस तरह से भारतीय टीम श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे चल रही है।



भारतीय महिला टीम ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र मैच में इंग्लैंड को हराया था। तब से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ हर महिला टी20 श्रृंखला में हारती रही है, चाहे वह घरेलू मैदान पर हो या बाहर। यह प्रभावशाली प्रदर्शन भारत के लिए उत्साहजनक है, क्योंकि वे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने की कोशिश कर रहे हैं, जो अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्व रखता है। भारतीय टीम ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पहले मैच में शतक बनाया तो हरलीन देओल ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरे मैच में अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतक लगाकर टीम को मुश्किल स्थिति से उबारा और उसे मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। अब सभी की निगाहें बड़े शॉट लगाने वाली सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर टिकी हैं, जो अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगी। टीम में वापसी करने वाली शेफाली ने पहले दो मैच में कुल मिलाकर 23 रन बनाए हैं। अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में नहीं खेल पानी वाली कप्तान हरमनप्रीत ने दूसरे मैच में केवल दो गेंद का सामना किया और वह भी मैदान पर कुछ समय बिताना चाहेंगी। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की अनुपस्थिति में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी अपनी पहली सीरीज में ही स्टार खिलाड़ी बनकर उभरी हैं। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने छह विकेट चटकाए हैं और उनका इकॉनमी रेट भी सबसे अच्छा रहा है। इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ी समस्या सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले और डैनी व्याट-हॉज का अच्छी शुरुआत नहीं दे पाना है। उसकी गेंदबाजी भी औसत दर्जे की रही है।

# सूर्यवंशी के शानदार प्रदर्शन से भारत ने अंडर 19 वनडे में इंग्लैंड को हराया

एजेंसी



नॉर्थम्पटन। आईपीएल स्टार वैभव सूर्यवंशी ने अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए रिकॉर्ड नौ छक्के लगाये और उनकी इस पारी के दम पर भारत ने वर्षाबाधित तीसरे अंडर 19 युवा वनडे मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली। चौदह वर्ष के सूर्यवंशी ने 31 गेंद में 86 रन बनाये। इंग्लैंड के छह विकेट पर 268 रन के जवाब में भारत ने 34.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। सूर्यवंशी ने अपनी पारी में छह चौके और नौ छक्के जड़े। अंडर 19 वनडे क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का यह सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड है। इससे पहले मनदीप सिंह ने आठ छक्के लगाये थे। भारत का स्कोर 24वें ओवर में छह विकेट पर 199 रन था लेकिन गेंदबाज हरफनमौला कनिष्क चौहान ने 42 गेंद में नाबाद 43 रन बनाये और आर एस अंबरीश (नाबाद 31) के साथ 75 रन की अटूट साझेदारी की। कनिष्क ने गेंदबाजी के दौरान भी तीन विकेट लिये थे। सूर्यवंशी ने तीसरे ही ओवर में सेबेस्टियन मोर्गन को दो छक्के लगाकर अपने तेवर जाहिर कर दिये थे। अगले ओवर में उन्होंने मोर्गन को दो छक्के और एक चौका लगाया। राजस्थान रॉयल्स के लिये आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले 14 वर्ष के सूर्यवंशी ने साबित कर दिया कि उनका फॉर्म महज तुक्का नहीं था। इंग्लैंड के बायें हाथ के तेज गेंदबाज जेम्स मिंटो को उन्होंने छठे ओवर में खासी नसीहत देते हुए 23 रन निकाले। सूर्यवंशी के आउट होने के समय भारत का स्कोर आठवें ओवर में 111 रन था। इससे पहले इंग्लैंड के लिये कप्तान थॉमस रियू ने 44 गेंद में नाबाद 76 रन बनाये जबकि सलामी बल्लेबाज बेन डॉकिंस ने 62 रन की पारी खेली।

# इंग्लैंड के तेज गेंदबाज वोक्स को मौके गंवाने का अफसोस

एजेंसी

बर्मिंघम इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने स्वीकार किया कि दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अंपायरों के कुछ फैसले भारत के पक्ष में जाने के बाद वह निराश हो गए थे। वोक्स अपनी शानदार लाइन और लेंथ के साथ मेजबान टीम के लिए सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए और उन्होंने पहले दिन 18 ओवर में 59 रन देकर दो विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी पर इंग्लैंड ने दो रिव्यू लिए जिन पर तीसरे अंपायर का फैसला भारत के पक्ष में गया। इस तेज गेंदबाज ने इसे निराशाजनक करार दिया। वोक्स ने बुधवार को पहले दिन खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''यह वास्तव में निराशाजनक था। जब आप टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होते हैं तो भावनाएं हावी हो जाती हैं। अगर ये फैसले हमारे पक्ष में होते तो दिन पूरी तरह से अलग होता, लेकिन यह टेस्ट क्रिकेट है और हम इन चीजों को आत्मसात करके आगे बढ़ते हैं। इनमें से पहला मामला सातवें ओवर में आया, जब भारत का स्कोर बिना किसी नुकसान के 14 रन था और वोक्स ने यशस्वी जायसवाल के खिलाफ एलबीडब्ल्यू की अपील की थी। दूसरा मामला 11वें ओवर में आया, जब भारत का स्कोर एक विकेट पर 21 रन था और करुण नायर भी इसी तरह के रिव्यू से बच गए। दोनों अवसरों पर डीआरएस से पता चला कि गेंद स्टंप से टकराई थी, लेकिन यह बांग्लादेशी अंपायर शरफुद्दौला के नॉट आउट के फैसले को पलटने के लिए पर्याप्त नहीं था। वोक्स ने कहा, ''अगर यह फैसले हमारे पक्ष में जाते तो हम उनका स्कोर तीन विकेट पर 30 रन कर सकते थे और तब स्थिति पूरी तरह से भिन्न होती। यह फैसले हमारे पक्ष में भी जा सकते थे लेकिन हम इस खेल को इसी तरह से खेलते हैं।

# विंबलडन 2025: अल्कराज़ ने क्वालिफायर ऑली टार्वेट को हराया, तीसरे दौर में बनाई जगह

एजेंसी

लंदन। विंबलडन 2025 में बुधवार रात खेले गए पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में स्पेन के कार्लोस अल्कराज़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के क्वालिफायर खिलाड़ी ऑली टार्वेट को 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

विश्व रैंकिंग में नंबर 733 पर काबिज टार्वेट के लिए यह मुकाबला किसी सपने से कम नहीं था। घरेलू दर्शकों से मिल रहे जबरदस्त समर्थन के बीच उन्होंने अल्कराज़ को कड़ी टक्कर देने की भरपूर कोशिश की, लेकिन दो बार के मौजूदा चैंपियन की दमदार फोरहैंड्स और अनुभव के सामने अंततः वह टिक नहीं सके। 21 वर्षीय टार्वेट, जो अमेरिका के सैन डिएगो में कॉलेज छात्र हैं, ने तीन राउंड के



क्वालिफाइंग मुकाबले जीतकर मेन ड्रॉ में जगह बनाई थी। उन्होंने मैच से पहले आत्मविश्वास के साथ कहा था कि वह किसी को भी हरा सकते हैं – जिसमें अल्कराज़ भी शामिल हैं। पहले सेट में टार्वेट ने आठ ब्रेक पॉइंट्स बनाए लेकिन अल्कराज़ ने जबरदस्त रक्षात्मक खेल दिखाते हुए केवल एक गेम गंवाया और दो बार टार्वेट की सर्विस तोड़कर सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट की शुरुआत में टार्वेट ने अल्कराज़ की सर्विस ब्रेक कर 2-0 की बढ़त बनाई, लेकिन अल्कराज़ ने तुरंत वापसी करते हुए अगले चार पॉइंट्स जीतकर मैच पर फिर से नियंत्रण जमा लिया। नौवें गेम में एक और ब्रेक के साथ उन्होंने दूसरा सेट भी जीत लिया। तीसरे सेट में अल्कराज़ ने 3-2 की बढ़त ली, लेकिन टार्वेट ने फिर ब्रेक कर बराबरी की। हालांकि, अल्कराज़ ने जवाब में अगले चार पॉइंट जीतकर निर्णायक बढ़त बनाई और मैच को अपने पक्ष में समाप्त किया। मैच समाप्त होने पर अल्कराज़ ने एक तेज़ सर्विस विनर के साथ जीत दर्ज की। दर्शकों ने खड़े होकर तालियों से न केवल विजेता का बल्कि पराजित टार्वेट की मेहनत का भी सम्मान किया। मैच के बाद अल्कराज़ ने कहा, ''मुझे उसका खेल बहुत पसंद आया। मुझे पता था कि शुरुआत से ही मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। यह मायने नहीं रखता कि वह विश्व रैंकिंग में 700वें स्थान पर था। मैं उसके खेल से बहुत प्रभावित हुआ। उसने वाकई शानदार मुकाबला खेला।

## संक्षिप्त समाचार

### गिल की रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण: ट्रॉट

**मुंबई।** पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट का कहना है कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल की सोची-समझी रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण हैं जिनका भविष्य उज्जवल नजर आता है। गिल ने पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में दूसरा शतक जड़ा और बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट के पहले दिन स्टंप तक नाबाद 114 रन (216 गेंद, 12 चौके) बनाकर भारत को पांच विकेट पर 310 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा, 'उनके हाव भाव और जिस तरह से उन्होंने रन बनाए वह उल्लेखनीय है। इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ उनके नियंत्रण ने ड्रेसिंग रूम को संदेश दिया कि वह जिम्मेदारी ले रहे हैं और आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, ''उनकी रणनीति स्पष्ट थी। मैं क्रीज पर टिका रहूंगा और मैं कल फिर से खेलूंगा। मैं सुनिश्चित करूंगा कि हम जीत की स्थिति में पहुंचें। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं जिनका भविष्य उज्जवल है। ट्रॉट ने कहा, ''उन्होंने एक सोची समझी रणनीति से बल्लेबाजी की जिसमें उनका आत्मविश्वास साफ नजर आता था। कप्तान के रूप में इस तरह के प्रदर्शन से टीम के अन्य खिलाड़ियों पर भी सकारात्मक असर पड़ता है।

### श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में मिली हार पर तस्कीन अहमद ने कहा-हमने दबाव में आकर गलत फैसले लिए

**कोलंबो।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में मिली हार पर कहा कि शानदार शुरुआत के बाद टीम ने दबाव में आकर गलत फैसले लिए और मुकाबला गंवा दिया। तस्कीन ने बुधवार को मैच के बाद कहा, ''मैं उम्मीद कर रहा था कि हम यह मैच पांच से सात ओवर शेष रहते जीत जाएंगे। 16 ओवर में 96 रन पर 1 विकेट था, तो यही लग रहा था कि हम आसानी से जीतेंगे। हालांकि मैदान पर हालात उलट गए। बांग्लादेश ने सिर्फ 5 रन के भीतर अपने 7 विकेट गंवा दिए। तस्कीन ने स्वीकार किया कि इस पतन की शुरुआत मिलन रथनायके की शानदार फील्डिंग से हुए रनआउट से हुई, जिसमें नजमुल हुसैन शान्तो आउट हुए। इसी ओवर में हसरंगा ने भी एक एल्बीडब्ल्यू विकेट लिया। तस्कीन ने कहा, ''वही ओवर मैच का टर्निंग पॉइंट था। हमने बीच के ओवरों में बहुत खराब बल्लेबाज़ी की। 100 रन की तेज़ शुरुआत के बाद 100 पर 2 और फिर 107 पर 8 विकेट हो जाना बहुत भारी पड़ा। बांग्लादेश की ओर से सबसे अच्छी बल्लेबाज़ी जाकिर अली ने की, जिन्होंने 64 गेंदों में 51 रन बनाए। तस्कीन ने कहा, ''जब जाकिर सेट हो गए थे, तब बेहतरीन बल्लेबाज़ी कर रहे थे। अगर उनके साथ दो-तीन और बल्लेबाज़ टिके रहते, तो हम यह मैच जीत सकते थे।

### गोदरेज इंडस्ट्रीज रसायन कारोबार के क्षमता विस्तार पर 750 करोड़ रुपये निवेश करेगी

**मुंबई।** गोदरेज इंडस्ट्रीज ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने रसायन कारोबार की क्षमता का विस्तार करने और उच्च वार्षिक राजस्व हासिल करने के लिए अगले कुछ वर्षों में 750 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। गोदरेज इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसका रसायन व्यवसाय 2030 से पहले एक अरब डॉलर का वैश्विक व्यवसाय बनने की अपनी विकास योजना के हिस्से के रूप में महत्वपूर्ण क्षमता विस्तार करेगा। उसने कहा, अगले कुछ वर्षों में विस्तार के लिए कुल पूंजीगत व्यय 750 करोड़ रुपये से अधिक होने के साथ, कंपनी ने पहले ही कई परियोजनाएं शुरू कर दी हैं। गोदरेज इंडस्ट्रीज (केमिकल्स) अपनी 'फैटी अल्कोहल' और 'यूरिक एसिड' क्षमता को दोगुना करेगी, जिसमें क्रमशः 35,000 टन प्रति वर्ष और 20,000 टन प्रति वर्ष की वृद्धि होगी। इसने अपनी विशेष क्षमता को तीन गुना कर 21,000 टन प्रति वर्ष कर दिया है, जबकि ग्लिसरीन क्षमता को दोगुना करके 24,000 टन प्रति वर्ष कर दिया जाएगा।

### एनटीपीसी ने असम में बालिका सशक्तिकरण मिशन शुरू किया

**कोकराझार।** देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने असम में वंचित वर्ग की लड़कियों के लिए एक महीने का सशक्तिकरण कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत 40 नाबालिगों को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह कार्यक्रम बालिका सशक्तीकरण मिशन (जीईएम) 2018 से पूरे देश में राज्य द्वारा संचालित बिजली कंपनी द्वारा चलाया जा रहा है। एनटीपीसी के बोंगाईगांव संयंत्र ने असम के कोकराझार जिले में पहल का चौथा संस्करण शुरू किया है। कंपनी ने बयान में कहा, एक जुलाई से 30 जुलाई, 2025 तक आयोजित होने वाला जीईएम- 2025 संरचित शिक्षण मॉड्यूल, रचनात्मक गतिविधियों और प्रतिभागियों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण पर विशेष ध्यान देने के माध्यम से जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव प्रदान करेगा।


### बंगा परिवार ने नायका में 2.1 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,213 करोड़ रुपये में बेची

**नयी दिल्ली।** हरिंदरपाल सिंह बंगा और उनकी पत्नी इंद्रा बंगा ने बृहस्पतिवार को फैशन और शारीरिक देखभाल उत्पादों की प्रमुख खुदरा कंपनी नायका की मूल कंपनी एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स में अपनी 2.1 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,213 करोड़ रुपये के थोक सौदों के जरिए बेच दी। हिस्सेदारी बिक्री के बाद, नायका के शेयर बीएसई पर चार प्रतिशत गिरकर 203.50 रुपये और एनएसई पर 3.82 प्रतिशत गिरकर 203.50 रुपये प्रति शेयर पर आ गए। हरिंदरपाल सिंह जिस कारोबारी हैं और हांगकांग स्थित कैरवेल समूह के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हैं। बंगा, नायका में शुरुआती निवेशक थे, जो 2021 में सूचीबद्ध हुआ। सौदे के अनुसार, एफएसएन के छह करोड़ इक्विटी शेयर 202.25 रुपये प्रति शेयर के अंतिम मूल्य पर बेचे गए।

# भारत की सबसे बड़ी बैटरी ऊर्ज़ा भंडारण परियोजना के लिए इंडीग्रिड को 460 करोड़ रुपये देगी आईएफसी

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व बैंक समूह के सदस्य अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) ने बृहस्पतिवार को गुजरात में भारत की सबसे बड़ी एकल आधार पर बैटरी ऊर्ज़ा भंडारण प्रणाली परियोजना के निर्माण के लिए इंडीग्रिड को 460 करोड़ रुपये देने की प्रतिबद्धता जताई। संयुक्त बयान में कहा गया कि इस परियोजना को ग्रिड स्थिरता को बढ़ाकर और अधिकतम मांग के दौरान विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराकर राज्य के स्वच्छ ऊर्ज़ा लक्ष्यों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए डिजायन किया गया है। बयान के अनुसार, 5.5 करोड़ डॉलर (लगभग 460 करोड़ रुपये) का दीर्घकालिक वित्तपोषण सूचीबद्ध गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के



माध्यम से किया जाएगा, जिसमें आईएफसी के अपने खाते से 3.85 करोड़ डॉलर और स्वच्छ प्रौद्योगिकी कोष से 1.65 करोड़ डॉलर का रियायती समर्थन शामिल होगा, जो विश्व बैंक द्वारा संचालित जलवायु निवेश निधि ढांचे के तहत बहु-दाता ट्रस्ट कोषों में से एक है। दक्षिण एशिया के लिए आईएफसी के क्षेत्रीय निदेशक इमाद एन फाखौरी ने कहा, ल्लविश्वसनीय, सस्ती बिजली तक पहुंच का विस्तार करना विकास और उभरते बाजारों में आईएफसी के मिशन का केंद्र है। बैटरी ऊर्ज़ा भंडारण भारत के ऊर्ज़ा मिश्रण में विविधता लाने और मांग के उच्चतम होने पर स्वच्छ बिजली उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण है। संयुक्त बयान में कहा गया कि भारत में पर्यावरण अनुकूल और समावेशी बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने में इंडीग्रिड, आईएफसी का एक विश्वसनीय साझेदार रहा है। बयान के अनुसार, हालिया निवेश 2030 तक 100 गीगावाट नवीकरणीय क्षमता हासिल करने के गुजरात के लक्ष्य का समर्थन करता है और अन्य राज्यों के लिए एक अनुकरणीय मॉडल स्थापित करता है।

## एलेम्बिक ने 1.2 करोड़ डॉलर में यूटिलिटी थेरेप्यूटिक्स का अधिग्रहण किया

नयी दिल्ली। एलेम्बिक फार्मास्यूटिकल्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसकी अमेरिकी इकाई ने स्थानीय बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए 1.2 करोड़ डॉलर (100 करोड़ रुपये से अधिक) के सौदे में यूटिलिटी थेरेप्यूटिक्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया है। एलेम्बिक ने एक बयान में कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी की अमेरिकी अनुषंगी कंपनी एलेम्बिक फार्मास्यूटिकल्स इंक द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद, एलेम्बिक, यूटिलिटी के हाल ही में एफडीए द्वारा स्वीकृत उत्पाद पिव्या (पिवमेथेसिलम) का व्यावसायीकरण शुरू करेगा। इसका उपयोग बिना किसी जटिलता वाले मूत्र मार्ग के संक्रमण के उपचार के लिए है। पिव्या को अप्रैल 2024 में एफडीए द्वारा अनुमोदित किया गया था। एलेम्बिक फार्मास्युटिकल्स के प्रबंध निदेशक प्रणव अमीन ने कहा, इस अधिग्रहण से हमें विशेष और ब्रांडेड प्रिस्क्रिप्शन उत्पादों में रणनीतिक प्रवेश मिलेगा।

# जून तिमाही में विदेशी कोष प्रवाह कम होने से रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटा: कोलियर्स

एजेंसी

नयी दिल्ली। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के मद्देनजर विदेशी निवेशकों के सतर्क रहने के कारण अप्रैल-जून में भारतीय रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटकर 1.69 अरब डॉलर रह गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कोलियर्स इंडिया ने यह जानकारी दी। कोलियर्स इंडिया के आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल अप्रैल-जून के दौरान रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश घटकर 169.12 करोड़ डॉलर रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 253.33 करोड़ डॉलर था। समीक्षाधीन अवधि में विदेशी निवेशकों से प्राप्त धन प्रवाह 204.68 करोड़ डॉलर से लगभग आधा होकर 104.84 करोड़ डॉलर हो गया। घरेलू निवेशक उत्साहित रहे और उन्होंने अप्रैल-जून के दौरान 64.28 करोड़ डॉलर का निवेश किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 48.65 करोड़ डॉलर से 32 प्रतिशत अधिक है। कोलियर्स इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बादल याग्निक ने कहा, ल्लघरेलू पूंजी भारत के रियल एस्टेट निवेश में एक प्रमुख चालक के रूप में उभरी है। कुल निवेश में इसकी हिस्सेदारी 2021 में 16 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 34 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि 2025 की पहली छमाही में घरेलू निवेश कुल प्रवाह का 48 प्रतिशत रहा। याग्निक ने कहा, उनके बढ़ते प्रभुत्व ने वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम करने और 2025 की पहली छमाही में कुल निवेश को तीन अरब डॉलर तक पहुंचाने में मदद की है।

## जीएसीएम टेक्नोलॉजी का बोर्ड नौ जुलाई को 200 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव पर विचार करेगा

मुंबई। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी जीएसीएम टेक्नोलॉजी (जीएटेक) का निदेशक मंडल योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए 200 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव पर विचार करेगा।

कंपनी ने बयान में कहा कि बोर्ड नौ जुलाई, 2025 को बैठक करेगा, जिसमें एक या अधिक किस्तों में योग्य संस्थागत नियोजन के जरिए 200 करोड़ रुपये तक की प्रतिभूतियां जारी और आवंटित की जाएंगी। तेलंगाना स्थित कंपनी ने कहा कि बोर्ड चालू वित्त वर्ष (2025-26) की अप्रैल-जून तिमाही के लिए कंपनी के वित्तीय परिणामों पर भी विचार करेगा और उन्हें मंजूरी देगा।

# घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख बना हुआ है। सोना आज 840 रुपये से लेकर 920 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज मामूली तेजी दर्ज की गई है। भाव में तेजी आने की वजह से आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,330 रुपये से लेकर 99,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 91,050 रुपये से लेकर 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में भी तेजी आने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,11,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा



है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की साई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# आज़मगढ़ में अखिलेश यादव के आगमन से पहले ब्राह्मण समाज के लोगों ने घरों पर काला झंडा लगाकर किया विरोध

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

आज़मगढ़। इटावा कांड के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के ब्राह्मण समाज के खिलाफ दिए जा रहे बयान से ब्राह्मण समाज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से नाराज हैं।

आज आजमगढ़ में अखिलेश यादव अनवरगंज में बने अपने आवास और कार्यालय का उद्घाटन करने आ रहे हैं। इसके पूर्व ब्राह्मण समाज के लोगों ने अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा और विश्व हिंदू महासंघ के आह्वान पर आज सुबह से ही जिले के अलग-अलग स्थानों पर अपने घरों में काला झंडा लगाकर विरोध जताया। ब्राह्मण कंधरापुर थाना के बाहुल्य बस्ती उगर पट्टी, चेवता और गौरी नारायणपुर, रौनापार थाना क्षेत्र के बनहरा, मुबारकपुर थाना क्षेत्र के गजहड़ा, देवगांव थाना क्षेत्र के चेवार और दीदारगंज थाना क्षेत्र के पलथी में भी ब्राह्मण परिवारों ने अपने घरों में काला झंडा लगाकर अखिलेश यादव के आजमगढ़ आगमन का विरोध किया है। ब्राह्मण समाज के लोगों का कहना है कि इटावा की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है इसमें जो भी दोषी है पुलिस प्रशासन उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहा है , बावजूद इसके अखिलेश यादव ने पूरे ब्राह्मण समाज को कटघरे में खड़ा कर दिया है जो बेहद निंदनीय है। ब्राह्मण समाज के लोगों का कहना है कि गांव में यादव समाज के साथ ही सभी समाज के लोग भाईचारे के साथ रहते हैं लेकिन अखिलेश यादव के बयान के बाद से ब्राह्मण और यादव समाज के बीच खाई पैदा हो गई है। उन्होंने राजनीतिक लाभ के लिए यह बयान दिया जो उचित नहीं है। उनका कहना है कि हम लोग काला झंडा लगाकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। ब्राम्हण समाज के नेता हरिवंश मिश्रा ने कहा कि आज जनेश्वर मिश्र की आत्मा रो रही होगी कि उनके खून पसीने से बनाई गई समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर अखिलेश यादव आज आसीन है, उनके द्वारा आज ब्राह्मणों को ही अपमानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सांसद द्वारा यह बात कही गई थी पूरे मंत्र उच्चारण के साथ आज के उद्घाटन की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। हरिवंश मिश्रा ने कहा कि वहां पर मौजूद ब्राह्मण अपने उदारवादी व्यवहार के चलते पूजा पाठ को जरूर पूरा कर आएगा लेकिन वह वहां दिल से मौजूद नहीं रहेगा। वहीं सपा के प्रवक्ता अशोक यादव ने कहा कि यह कृत्य भारतीय जनता पार्टी के लोगों द्वारा किया जा रहा है, यह आम ब्राह्मण समाज के लोग नहीं है, भाजपा जब यादव बनाम ब्राह्मण की अपनी मुहिम में कामयाब नहीं हो पाई, तब उनके द्वारा मकानों पर काले झंडे लगाकर गलत संदेश देने की कोशिश की जा रही है।



# एसएसपी का बड़ा एक्शन: बिहारीपुर चौकी इंचार्ज हटाए गए, पांच सिपाही सस्पेंड

## नशे में अभद्रता, रिश्वत और गैरहाजिरी पर कार्रवाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बरेली। जिले में लापरवाह, भ्रष्ट और अनुशासनहीन पुलिसकर्मियों पर एसएसपी अनुराग आर्य का बड़ा एक्शन देखने को मिला है। भाजपा नेता से बदसलूकी, नशे में गाली-गलौज और रिश्वत के आरोपों के घेरे में आए बिहारीपुर चौकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह को हटाकर उन्हें कोतवाली से अटैच कर दिया गया है। वहीं, ड्यूटी से बिना छुट्टी गायब चल रहे पांच सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर विभागीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मामला सुभाष नगर थाना क्षेत्र की तिलक कॉलोनी का है, जहां भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुधांशु शर्मा ने एसएसपी से शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनके परिचित नीतिश शर्मा का मंगलवार रात किसी से विवाद हो गया था। डायल-112 की टीम दोनों पक्षों को चौकी ले गई। सुधांशु अपने ममेरे भाई शैलेश मिश्रा के साथ जब चौकी पहुंचे, तो वहां चौकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह नशे में धुत मिले। सुधांशु के अनुसार, भाजपा नेता बताने पर दरोगा ने न सिर्फ गालियां दीं, बल्कि पार्टी के खिलाफ भी आपत्तिजनक बातें कहीं। इसके बाद दोनों पक्षों को हवालात में डाल दिया गया और अगले दिन एक पक्ष को कथित रूप से 20 हजार रुपये रिश्वत लेकर छोड़ा गया। मामले की जांच इंस्पेक्टर कोतवाली अमित पांडे को सौंपी गई थी, जिनकी रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी ने चौकी इंचार्ज को तत्काल प्रभाव से हटा दिया। उनकी जगह दरोगा शिवम कुमार को नया चौकी प्रभारी बनाया गया है। वहीं, पूरे प्रकरण की जांच सीओ प्रथम आशुतोष शिवम करेंगे। एसएसपी ने ड्यूटी से अनाधिकृत रूप से लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे पांच सिपाहियों को भी सस्पेंड कर दिया है। इनमें पुलिस लाइन में तैनात सिपाही रणधीर सिंह 3 मई से गायब हैं, जबकि डायल-112 में तैनात सिपाही सावन कुमार 27 मई को छुट्टी से लौटे ही नहीं। पुलिस लाइन में तैनात सिपाही अमित कुमार 2 जून की रात गणना पर उपस्थित नहीं हुए, वहीं सूरज कुमार 6 नवंबर 2024 से ड्यूटी से नदारद हैं। इसी तरह भमौरा थाने में तैनात सिपाही अमित कुमार भी 4 जून से बिना अनुमति के गैरहाजिर हैं। सभी को पदीय दायित्वों के उल्लंघन, कर्तव्य में लापरवाही और अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर विभागीय जांच के दायरे में लाया गया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने दो टूक कहा, लापरवाही, भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस की छवि सुधारना हमारी प्राथमिकता है।

# छात्रा की हत्या से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने मिर्ज़ामुराद में शव हाइवे पर रख किया चक्का जाम

वाराणसी। मिर्ज़ामुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर स्थित एक ढाबे में एमएससी की छात्रा अलका बिंद की निर्मम हत्या से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने गुरुवार को मेहंदीगंज के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। इस विरोध प्रदर्शन के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात घंटों बाधित रहा। जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस अधिकारियों को मिली, संयुक्त पुलिस आयुक्त, डीसीपी गोमती जोन, एडीसीपी, एसीपी राजातालाब और अन्य अधिकारी भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मांग थी कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। पुलिस को उन्हें शांत कराने में खासी मशक्कत करनी पड़ी।

# चितईपुर में कूरियर कंपनी के मैनेजर को गोली मारने वाले बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। चितईपुर में कूरियर कंपनी के मैनेजर को नौकरी न देने पर गोली मारने वाले बदमाश को पुलिस टीम ने गुरूवार तड़के मुठभेड़ में दबोच लिया। सूचना पाकर अफसर भी मौके पर पहुंच गए। घायल बदमाश की शिनाख्त कछवां निवासी विनय तिवारी के रूप में हुई। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एडीसीपी सरवणन टी ने बताया कि बीते मंगलवार की शाम चितईपुर थाना क्षेत्र के सुसवाही प्रज्ञापुरम कॉलोनी स्थित एक प्राइवेट कूरियर कंपनी के मैनेजर को गोली मारने वाले बदमाश की कोरियर कंपनी के सीसी फुटेज के आधार पर शिनाख्त की गई। आज



उसकी रैपुरियाघाट पर मौजूदगी की सूचना मिली। इसके बाद एसओजी के साथ चितईपुर एसएचओ को मौके पर भेजा गया था। पुलिस टीम को देखकर बदमाश ने फायरिंग कर दी, जवाबी कार्रवाई में उसे भी गोली लगी है। एडीसीपी ने बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार विनीत तिवारी रोजगार की तलाश में कई दिनों से प्रयास कर रहा था। पुलिस हमलावर की अपराधिक इतिहास निकाल रही है। गौरतलब हो कि बिहार के रोहतास निवासी विकास तिवारी (27) एक कूरियर कंपनी के मैनेजर है। सुसुवाही स्थित प्रज्ञापुरम कॉलोनी में कूरिअर कंपनी का गोदाम है। मंगलवार की रात विकास तिवारी गोदाम में थे। इसी समय अचानक एक युवक वहां पहुंचा और उनसे नौकरी मांगी। उसे सुबह आने को कहा गया। इसके बाद वह युवक चला गया। कुछ देर बाद युवक फिर दोबारा गोदाम पर पहुंचा और नौकरी मांगी। मैनेजर के डांटने पर उसने फायरिंग कर दी। संयोग रहा कि गोली दाहिने नाक को छूते हुए निकल गई। फायरिंग के बाद बदमाश मोबाइल लूटकर पैदल ही भाग निकला। घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर आरोपी युवक की पहचान की गई। पुलिस की छह टीमें उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी।

# मुठभेड़ में सांसी गैंग के मध्य प्रदेश के 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, गोली लगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस टीम ने बुधवार देर रात चोरी की घटना करने वाले अंतर्राज्यीय सांसी गैंग के 02 शातिर लुटेरे मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। गोली लगने से घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि 27 जून को पीड़ित गजेन्द्र ने थाना उत्तर पर तहरीर दी कि वह अपने पिता के साथ स्टेट बैंक की मैन शाखा से अपने पिता की पेंशन के एक लाख रुपये निकालकर घर वापस जा रहा था तभी उसने रुपये व अन्य जरूरी दस्तावेज एक पॉलीथीन में रखकर अपनी मोटरसाइकिल के बैग में रखे हुए थे। बैंक की शाखा से मोटरसाइकिल बाहर निकालते ही एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल के बैग में रखी रुपयों एवं कागजात की पॉलीथीन को निकालकर मौके से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सांसी गैंग के शातिर चोर, लुटेरों अभियुक्तगण आतिश उर्फ आतिस, बाबू व बौबी का नाम प्रकाश में आया। जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि थाना उत्तर प्रभारी संजुल पांडेय बुधवार देर रात पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे तभी जोन्धरी अण्डरपास के पास चैकिंग के दौरान मोटरसाकिल सवार दो संदिग्धों ने पुलिस टीम पर फायर कर दी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जबाबी फायरिंग में दोनों संदिग्ध व्यक्तियों के पैर में गोली लगी। उन्हे मौके पर ही घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्तों की पहचान सांसी गैंग के अभियुक्त आतिश उर्फ आतिस पुत्र अमर सिंह सिसौदिया व बाबू पुत्र विक्रम सिसौदिया निवासीगण ग्राम कड़िया थाना बोड़ा जनपद राजगढ़ (मध्यप्रदेश) के रुप में हुई है।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्कमुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उप्र)


# बीएचयू के पत्रकारिता विभाग के पांच पूर्व छात्रों का भारतीय सूचना सेवा में चयन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण दिया है। विभाग के पाँच पूर्व छात्रों का चयन भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन भारतीय सूचना सेवा (ग्रुप 'बी') में हुआ है। यह चयन कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से सम्पन्न हुआ। हाल ही में घोषित परिणामों के अनुसार चयनित छात्रों में निखिल उपाध्याय, सतेंद्र कुमार, सोनू कुमार, प्रशांत कुमार और सुविग्य शुक्ला शामिल हैं। इन सभी ने बीएचयू के कला संकाय में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त की है। यह उपलब्धि विभाग की अकादमिक सुदृढ़ता और व्यावसायिक उत्कृष्टता का प्रतिफल है। छात्रों के चयन पर विभाग में हर्ष का माहौल है। चयनित छात्रों को विभागाध्यक्ष और अन्य आचार्यों ने भी बधाई दी है। चुने गए पुरा छात्रों में निखिल उपाध्याय, एम.ए. इन मास कम्युनिकेशन (2018-2020) के छात्र रहे हैं और उन्हें ऑल इंडिया रेडियो, पणजी, गोवा में न्यूज़ एडिटर के पद पर नियुक्त किया गया है। सतेंद्र कुमार, जो (2018-2020) के छात्र हैं, को प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो (घ्क्ष्ठ), गंगटोक में इन्फॉर्मेशन असिस्टेंट के रूप में तैनाती मिली है। सोनू कुमार, एम.ए. इन मास कम्युनिकेशन (2018-2020) बैच के छात्र, को प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो पीआईबी) मुख्यालय, नई दिल्ली में इन्फॉर्मेशन असिस्टेंट नियुक्त किया गया है। प्रशांत कुमार, जिन्होंने 2020-2021 में एम.ए. (मास कम्युनिकेशन) की पढ़ाई पूरी की है, को प्रेस रजिस्ट्रार ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में रजिस्ट्रेशन असिस्टेंट के पद पर नियुक्त किया गया है।

# झांसी रेल मंडल को जून माह में माल भाड़े से 85.73 करोड़ रुपये की आय

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

झांसी। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नीरज भटनागर के नेतृत्व में झांसी मंडल ने माल परिवहन क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। जून 2025 में झांसी मंडल को माल भाड़े से कुल 85.73 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई है। यह आय पिछले वर्ष के जून माह की तुलना में लगभग 6.3 प्रतिशत अधिक है, जो मंडल की निरंतर प्रगति और रणनीतिक माल ढुलाई प्रयासों का परिणाम है। इस अवधि में कुल 8.40 टन माल का सफलतापूर्वक परिवहन किया गया। इस आय में सर्वाधिक योगदान देने वाले प्रमुख माल वर्ग निम्नलिखित हैं-पेट्रोलियम ऑयल प्रोडक्ट्स (POL) -24 करोड़ रुपये, फूड ग्रेन्स (अनाज) ऽ 17 करोड़ रुपये, सीमेंट- 16.5 करोड़



रुपये, डी-ऑयल केक (खली) - 9.5 करोड़ रुपये है। माल लदान के प्रदर्शन को देखें तो जून 2025 तक 2.22 मिलियन टन (MT) के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 2.49 मिलियन टन की लोडिंग की गई, जो लक्ष्य से 12.16 प्रतिशत अधिक है। साथ ही, यह पिछले वर्ष की तुलना में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि को भी दर्शाता है। राजस्व की दृष्टि से देखा जाए तो जून 2025 तक 244.13 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले झांसी मंडल ने 259.21 करोड़ रुपये की आय अर्जित की, जो लक्ष्य से 10.24 प्रतिशत अधिक है और पिछले वर्ष की तुलना में 6.2 प्रतिशत अधिक है।

### फ्लाई ऐश परिवहन में नया कीर्तिमान

मंडल ने जून 2025 में फ्लाई ऐश के परिवहन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। अब तक के रिकॉर्ड के अनुसार इस माह में सर्वाधिक 31 रेक लोड कर कुल 7.35 करोड़ रुपये की आय अर्जित की गई है। यह प्रदर्शन न केवल मंडल की माल ढुलाई क्षमता को दर्शाता है, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी एक सकारात्मक पहल है।

मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने इस सफलता के लिए समस्त वाणिज्य, परिचालन एवं ट्रैफिक विभाग की टीम को बधाई दी एवं कहा कि ल्यह उपलब्धि टीम वर्क, प्रभावी योजना और ग्राहकों के विश्वास का परिणाम है। झांसी मंडल भविष्य में भी इसी प्रकार से रेलवे के राजस्व में वृद्धि हेतु प्रतिबद्ध रहेगा।

# जल रोधक बांध के कार्य में कमी देख डीएम सख्त, रिकवरी के दिए निर्देश



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जालौन। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, मिट्टी कटाव रोकथाम एवं स्थानीय जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए बनाए जा रहे जल रोधक बांधों की गुणवत्ता पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी गुरुवार को ग्राम हरदोई राजा व बीरपुरा में हो रही वर्षा के बीच ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत द्वारा निर्मित बांधों का स्थलीय जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान बारिश के पानी से भरे खेतों के बीच पैदल चलकर निर्माण कार्य की वास्तविकता को देखने जाना डीएम की कार्यप्रणाली की संवेदनशीलता और सजगता को दर्शाता है। निरीक्षण में पाया गया कि बांध निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं किया गया है। यह बांध वर्षा जल को निचले इलाकों में बहने से रोकने, मिट्टी के कटाव को कम करने एवं जल संचयन के लिए निर्मित किया गया था, लेकिन इसकी गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कार्य को शीघ्र पूरा कराने और रिकवरी की कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार के जल प्रबंधन व आपदा सुरक्षा मिशन में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भविष्य में सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी प्रशांत सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# उच्च शिक्षा में संस्थागत अध्ययनरत दिव्यांग छात्र छात्रावास के लिए 30 सितम्बर तक करें आवेदन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। उच्च शिक्षा में अध्ययनरत दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित एवं अस्थिबाधित संस्थागत छात्रो को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन ने 30 सितम्बर तक आवेदन मांगा है। यह जानकारी गुरुवार को प्रभारी अधीक्षक राजकीय दृष्टिबाधित छात्रावास दिनेश कुमार मिश्रा ने दी है।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित उच्च शिक्षा में अध्ययनरत दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित एवं अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को आवासीय सुविधा के लिए राजकीय दृष्टिबाधित छात्रावास, सी.पी.आई. कैम्पस, स्वरूपरानी चिकित्सालय के पास, प्रयागराज में प्रवेश के लिए 30 सितम्बर तक आवेदन पत्र मांगा हैं। प्रवेश आवेदन पत्र निःशुल्क किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में उपरोक्त विधा के दिव्यांगजनों द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र, शैक्षिक संस्थान की प्रवेश शुल्क रसीद की छायाप्रति उपलब्ध करानें पर निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। प्रवेश छात्रों को मेरिट एवं उनकी दिव्यांगता की प्रतिशत के आधार पर दिया जायेगा। यह प्रवेश एक शैक्षिक सत्र अथवा आगामी 30 जून 2026 तक के लिये किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश के समय दिव्यांग प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र, जिस संस्था में अध्ययनरत है वहां की फीस रसीद की छायाप्रति तथा तीन फोटो, राजकीय चिकित्सालय का स्वस्थता प्रमाण पत्र एवं जिस संस्था में छात्र संस्थागत रूप से अध्ययनरत हैं वहां के संस्थाध्यक्ष अथवा सक्षम प्राधिकारी की संस्तुति आवश्यक है। छात्रों को प्रत्येक माह निर्धारित शुल्क एवं छात्रावास के मेस का शुल्क माह की प्रथम तिथि को जमा करना अनिवार्य होगा। छात्रावास के शुल्क आदि का विवरण निम्न है, जिसमें अनुसचित जाति व जनजाति के लिए प्रवेश शुल्क (एक बार) 200 रूपए तथा अन्य वर्ग एवं श्रेणी के लिए 300.00 है। सभी श्रेणी के लिए काशन मनी (एक बार) 200.00 रुपए सभी श्रेणी के लिए कक्ष का किराया (प्रति माह) 50.00 रुपए एवं सभी श्रेणी के लिए विद्युत व्यय (प्रति माह) 50.00 रुपए होगा। सभी छात्रों को छात्रावास में भोजन करना अनिवार्य होगा। भोजन छात्रों की मेस समिति एवं अनुबंधित कान्टेक्टर द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। कान्टेक्टर द्वारा निर्धारित डाइट (प्रति माह की दर से) की धनराशि का छात्र द्वारा व्यय एवं वहन करना होगा। छात्रावास के अन्य नियमों की जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में छात्रावास से प्राप्त की जा सकती है। संस्थागत रूप से उपरोक्त विधा में जो भी उच्च शिक्षा में अध्ययनरत दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित एवं अस्थिबाधित छात्र प्रवेश हेतु इच्छुक हो, वह अपना पंजीकरण आवश्यक अभिलेख के साथ कार्यालय कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक उपस्थित होकर करा सकते है।